53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 24.4°c अधिकतम 32.3 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:58, सूर्यास्त - 6:37 | वर्ष : 53/अंक : 245 शुक्रवार, 05 सितम्बर 2025 भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, एकादशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

रिश्ते तो मिलते हैं
मुकद्दर से, बस उन्हें खूबसूरती
से निभाना सीखो।

गुण्डा टैक्स सपा सरकार के संस्कार का हिस्सा था : योगी



छोटा गुण्डा भी तन के चलता था.....
वो पुलिस पर भी रौब रखता था......

# 15 करोड़ की स्मैक के साथ पकड़े गये अरशद और राहत

**मुजफ्फरनगर, 4 सितम्बर (बु.)।** मुजफ्फरनगर जनपद में नशे का कारोबार कितना फैल चुका होगा, यह अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि करोड़ों रुपये की स्मैक लगभग 19 अगस्त को पकड़ी गयी थी, उसके बाद आज गुरूवार को फिर से एक बार उसी गिरोह से जुड़े दो और सदस्य 1 किलो 485 ग्राम स्मैक के साथ पकड़े गए हैं। पुलिस लाइन प्रेसवार्ता एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि बुढ़ाना पुलिस ने 19 अगस्त को मादक पदार्थ सहित चार तस्करों को गिरफ्तार किया था। इनसे भी करोड़ों

**1 किलो 485 ग्राम स्मैक सहित 60 जिपर पाउच बरामद**

की स्मैक बरामद हुई थी। पकड़े गए सदस्यों से पूछताछ के बाद गुरूवार को बुढ़ाना पुलिस को मुखबिर की ओर से सूचना मिली कि मेरठ करनाल हाइवे पर एक होटल के पास दो तस्कर खड़े हुए हैं। पुलिस वहां पहुंची और दोनों को घेर लिया। इसमें एक बदमाश राहत उर्फ कासिम जो पांच हजार रुपये का इनामी है तथा अरशद अरशद निवासीगण आतिश बाजान मीरनपुर थाना कटरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार तस्करों के पास से 1 किलो 485 ग्राम स्मैक, 2 इलेक्ट्रॉनिक कांटे, 2 प्लास्टिक के थैले व 60 जिपर पाऊच बरामद किए हैं। बरामद स्मैक की कीमत करोडों रुपए की आंकी जा रही है। पकड़े गए दोनों तस्कर पूर्व में पकड़े गए चारों तस्करों के साथ मिलकर स्मैक की सप्लाई किया करते थे। पुलिस ने गुरूवार को पकड़े गए तस्करों का चालान कर दिया। सभी के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।



### बीस हजार रुपये के इनाम की घोषणा

**मुजफ्फरनगर।** एसएसपी ने फिर एक बार पुलिस टीम का उत्सावर्धन करने के लिए बीस हजार रुपये के इनाम की घोषणा की है। तथा जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने जब इनसे पूछताछ की तो तस्करों ने बताया कि वे स्मैक व नशीले पदार्थ का कारोबार तो करते ही हैं साथ ही साथ शाहजहांपुर के कटरा में खुद ही स्मैक तैयार कर रहे थे। स्मैक तैयार करने के बाद वह जनपद मुजफ्फरनगर के साथ-साथ शामली, सहारनपुर व हरियाणा में सप्लाई करते थे। एसएसपी ने पुलिस की हौसला अफजाई के लिए टीम को 20 हजार रुपये से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

## खतौली पुलिस को भी सफलता, 30 किलो गांजा, 239 ग्राम चरस पकड़ी

**मुजफ्फरनगर, 4 सितम्बर (बु.)। गुरूवार को खतौली** पुलिस को भी ऑपरेश सवेरा के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी, जिसमें एसएसपी ने प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत के नेतृत्व में खतौली थाना प्रभारी दिनेश चन्द्र बघेल ने अपने टीम के साथ एक कार सवार गौरव उर्फ गौरा निवासी मौहल्ला देवीदास, थाना खतौली, शाहनवाज मौहल्ला शराफत कॉलोनी, मोहित निवासी मौहल्ला देवी दास खतौली को गिरफ्तार किया है। एसएसपी ने बताया कि तीनों लोगों से 30 किलो 404 ग्राम गांजा, 239 ग्राम चरस, 20,800 रुपए नकद व एक कार बरामद की है। शातिर अपराधियों ने अपने नशे के कारोबार में दो दर्जन से अधिक लोग जोड़े हुए हैं तथा गिरफ्तार गौरा पर हत्या, नशे के कारोबार समेत पूरे 53 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार बरामद गांजा व चरस की कीमत लगभग 10 लाख रुपए मानी जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का पूछताछ के बाद चालान कर दिया है।



### गिरोह के अन्य सदस्यों की भी तलाश

**मुजफ्फरनगर।** जैसा कि पकड़े गए तीन आरोपियों ने बताया कि उनके गिरोह में दो दर्जन से अधिक लोग शामिल हैं, ऐसे में इन तीन लोगों के पकड़े जाने के बाद पुलिस अन्य सदस्यों की भी तलाश में जुट गयी है। आरोपियों ने जानकारी दी कि गांजा व चरस को वे उड़ीसा से खरीदते थे और उनकी छोटी छोटी पुड़िया बनाकर जनपद व आसपास के जनपदों में सप्लाई करते थे। मुख्य आरोपी गौरा पिछले 28 साल से नशे के कारोबार से जुड़ा हुआ है। एसएसपी का बताना है कि पूरे गैंग पर गैंगस्टर की कार्यवाही करते हुए उनके द्वारा अवैध अर्जित सम्पत्ति को सीज किया जाएगा।

# मेडिकल एजेन्सियों पर औषधि विभाग की छापेमारी

## आगरा में हुई बड़ी हेराफेरी के मुजफ्फरनगर से जुड़े तार

**मुजफ्फरनगर, 05 सितंबर (बु.)।** आगरा में हुई एक बड़ी हेराफेरी के खुलासे के बाद मुजफ्फरनगर में औषधि विभाग सक्रिय हो गया है। विभाग ने शहर की कई मेडिकल एजेंसियों पर पिछले दिनों ताबड़तोड़ छापेमारी की थी, जिनमें करीब एक दर्जन से अधिक मेडिकल एजेंसियां शामिल रही। इस बार भी छापेमारी का मुख्य उद्देश्य एलर्जी की दवा, (Allegra) अलेग्रा 180 एमजी टैबलेट की बड़े पैमाने पर हुई खरीद-फरोख्त की जांच करना है, जिसके तार सीधे आगरा से जुड़े हुए हैं। आगरा से मुजफ्फरनगर तक फैली अलेग्रा 180 एमजी (Allegra) की अवैध खरीद-बिक्री हाल ही में आगरा में सामने आई। एक बड़ी हेराफेरी के बाद यह खुलासा हुआ था कि अलेग्रा 180 एमजी (Allegra 180 Mg) टैबलेट मुजफ्फरनगर में भेजी गई। दावा यह भी किए जा रहा है कि, आगरा में पकड़ी गई बड़ी खेप का सेंपल नकली निकला था और उसी नकली दवाई की सप्लाई पश्चिम के कई जिलों में की गई है, क्योंकि यह दवा आमतौर पर डॉक्टर के पर्चे पर ही बेची जाती है, लेकिन जांच में सामने आया है कि इसे बड़ी मात्रा में अवैध रूप से खरीदा गया है। इस जानकारी के बाद औषधि विभाग तुरंत हरकत में आ गया और मुजफ्फरनगर की प्रमुख मेडिकल एजेंसियों पर छापे मारना शुरू कर दिया। छापेमारी के दौरान सहायक ओषधि आयुक्त सहारनपुर दीपा लाल, सहारनपुर इंस्पेक्टर राघवेंद्र, मुजफ्फरनगर से इंस्पेक्टर पवन शाक्य ने कई मेडिकल स्टोरों के कंप्यूटर छाने और इनकी बिक्री कहा कहा हुई उसका लेखा जोखा अपने साथ ले गए।

### अलेग्रा 180 एमजी दवा एक एंटी-एलर्जी, नगर में बिक रही नकली?

**मुजफ्फरनगर, 05 सितंबर (बु.)।** अलेग्रा 180 एमजी जिसका उपयोग गंभीर एलर्जी और खुजली जैसी समस्याओं के इलाज के लिए किया जाता है। डॉक्टर इसे तभी लिखते हैं जब सामान्य एलर्जी की दवाएं काम नहीं करतीं। बाजार में इसकी मांग काफी ज्यादा है, जिसके चलते इसकी कालाबाजारी की संभावना भी बढ़ जाती है। यह मामला दवाओं की अवैध आपूर्ति श्रृंखला के साथ साथ उनके गलत इस्तेमाल और चलन में नकली दवा की बिक्री होने जैसे सवाल खड़ा करता है। औषधि विभाग की इस कार्रवाई से उम्मीद है कि इस तरह की हेराफेरी पर रोक लगेगी और दवा बाजार में पारदर्शिता बढ़ेगी।



### छापेमारी से मेडिकल कारोबारियों में हड़कंप

**मुजफ्फरनगर, 05 सितंबर (बु.)।** औषधि विभाग की टीमों ने शहर के अलग-अलग हिस्सों में स्थित कई मेडिकल एजेंसियों पर एक साथ छापेमारी की। विभाग के अधिकारियों ने स्टॉक रजिस्टर, बिल और खरीद-बिक्री के रिकॉर्ड की गहनता से जांच की। जिनमें जिला परिषद स्थित सिंघल मेडिकल और हरि प्लाजा में चिराग मेडिकल में इस अचानक हुई कार्रवाई से मेडिकल कारोबारियों में हड़कंप मचा रहा। सूत्रों की माने तो यह जांच तब तक जारी रहेगी जब तक अलेग्रा 180 एमजी की अवैध खरीद-बिक्री का पूरा नेटवर्क सामने नहीं आ जाता। इस मामले में दोषी पाए जाने वाले एजेंसियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताया यह भी जा रहा है कि यह कार्रवाई दवाओं की कालाबाजारी और अवैध व्यापार को रोकने के साथ साथ नकली दवाओं को सीज करने साथ शुरू की गई है।

# अफगानिस्तान और पाकिस्तान में कांप गई धरती, महसूस किए भूकंप के तेज झटके

## रिक्टर स्केल पर 6.2 मापी गयी तीव्रता

**नई दिल्ली, 04 सितम्बर (एजेंसी)।** अफगानिस्तान में और पाकिस्तान में बृहस्पतिवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.2 मापी गई है। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में जलालाबाद से 14 किमी पूर्व और 10 किमी की गहराई में था। यह अफगानिस्तान में हाल के समय में आया दूसरा तेज भूकंप है। गुरुवार रात अफगानिस्तान में दूसरा बड़ा भूकंप आया है। इसके झटके पाकिस्तान और उत्तर भारत में भी महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र हिंदू कुश क्षेत्र के आस-पास था। रिक्टर स्केल पर तीव्रता 6.2 के आस-पास बताई जा रही है। हालांकि अभी आधिकारिक आंकड़े का इंतजार है। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग डर कर अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप से हुए नुकसान पर अभी ठोस रूप से कुछ जानकारी नहीं आई है, लेकिन हाल ही दिनों में ही यह दूसरा भूकंप है। भूकंप से फिलहाल कोई बड़ी क्षति या हताहत की जानकारी नहीं मिली है। राहत कार्यों के लिए स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीमें सतर्क हो गई हैं। इस बीच यहां यह भी बता दें कि, अफगानिस्तान में पिछले सप्ताह आए भूकंप में तबाह हुए घरों से सैकड़ों शव बरामद होने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 2,200 से अधिक हो गई है। तालिबान सरकार के एक प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को इस बारे में जानकारी दी है। रविवार रात आए 6.0 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप ने कई प्रांतों को हिला दिया, जिससे भारी तबाही हुई है।



# शराब के नशे में धुत युवक कटा गला, मामला संदिग्ध

**मुजफ्फरनगर, 05 सितंबर (बु.)।** कमल नगर कूकड़ा निवासी एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में गला कटने का मामला सामने आया है। घायल युवक की पहचान 22 वर्षीय सौरभ पुत्र सतीश के रूप में हुई है, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही सीओ मंडी राजू साव मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना देर शाम की है। शुरूआती जांच में पता चला है कि सौरभ नशे की हालत में था। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उसने खुद अपना गला काटा है या किसी और ने उस पर हमला किया है। पुलिस ने घटनास्थल से कुछ अहम सबूत जुटाए हैं और मामले की गहराई से जांच कर रही है। सीओ राजू साव ने बताया कि मामला काफी पेचीदा और संदिग्ध लग रहा है। पुलिस सौरभ के ठीक होने का इंतजार कर रही है ताकि उससे पूछताछ कर सच्चाई का पता लगाया जा सके। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस घटना से पर्दा उठाया जाएगा।



MAX Healthcare

मैक्स हॉस्पिटल, पटपड़गंज, (दिल्ली) के श्रेष्ठ रीढ़ की हड्डी के रोग विशेषज्ञ से परामर्श, अब आपके शहर, मुजफ्फरनगर में



ओ.पी.डी. शेड्यूल

डॉ. संयम जैन
कंसलटेंट - स्पाइन सर्जरी
मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज

शनिवार, 6 सितम्बर, 2025 । दोपहर 1:00 बजे से 3:00 बजे तक

एसकेबी आरोग्यम मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

समस्याएँ: कमर दर्द, स्लिप डिस्क से किसी नस पर दबाव, पैरों में दर्द, चलने में दिक्कत या सुनपन रीड की हड्डी का फ्रैक्चर, रीड की हड्डी का कुबड़ होना, सवाईकल की दिक्कत, गर्दन में दर्द इत्यादि।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: +91-82181 49646

www.maxhealthcare.in

मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज (बालाजी मेडिकल एंड डायग्नोस्टिक रिसर्च सेंटर की एक इकाई)
108 ए, इंद्रप्रस्थ एक्सटेंशन, पटपड़गंज, नई दिल्ली -110 092 फोन: + 91-11-4303 3333

# धूप निकली तो बाजारों में दिखी रौनक

## तीन से चार दिन तक हो रही लगातार बारिश से परेशानी में था व्यापारी वर्ग

**मुजफ्फरनगर, 04 सितंबर (बु)।** पिछले चार दिन से हो रही बारिश से जनपद में जीवन अस्त-व्यस्त हो रखा था। लोगों की परेशानी यह थी कि कहीं आना-जाना हो, तो उसमें भी दिक्कतें हो रही थी। ऐसे में ऐसा ही हाल दुकानदारों का था। ना तो बाजार में कोई दिख रहा था और ना कोई बाजार आना चाह रहा था। बारिश से शहर में कई जगह पानी भरने से कोई भीगने के डर से आना नहीं चाह रहा था। आप खुद ही समझ सकते हैं कि व्यापारियों और दुकानदारों का हाल खराब हो रखा था। कई तो पूरे दिन खाली बैठकर शाम तक रोटी तक का जुगाड़ नहीं कर पा रहे थे, लेकिन आज जैसे ही धूप निकली दुकानदारों के चेहरे खिल उठे। दुकानों में आज कुछ हद तक भीड़ दिखी, तो दुकानदारों में जान में जान आई। लोगों ने भी आज यह देखा कि मौसम कुछ सही हुआ है, तो रोजमर्रा का जरूरी सामान खरीद लिया जाये, क्योंकि आने वाले दिनों में 15 दिन के लिये फिर बाजार बिल्कुल सूने रहेंगे। दरअसल में 6 सितम्बर से श्राद्ध शुरू हो रहे हैं। ऐसे में इन दिनों में कोई भी शुभ कार्य नहीं होगा। किसी को सूट लेना है। गहने लेने हैं या कपड़े लेने हैं, तो श्राद्ध के दिनों में कोई भी शुभ कार्य नहीं होता है। लोग कोई भी कार्य शुरू नहीं करते हैं, तो कोई नया काम नहीं होता है।

### 3 दिन से स्कूलों में भी चल रहे हैं अवकाश

**मुजफ्फरनगर।** अत्यधिक वर्षा के कारण मुजफ्फरनगर के स्कूलों में गुरुवार तक अवकाश घोषित किया गया है। डीएम उमेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर बीएसए संदीप कुमार ने आदेश जारी किये थे। गुरुवार चार सितंबर को भी बरसात के चलते जिले में 12वीं तक के स्कूल बंद रहे। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि मुजफ्फरनगर में सभी बोर्ड के 12वीं तक के विद्यालयों में बरसात के चलते अवकाश किया गया था। यह अवकाश बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किया गया था।

## व्यक्ति का शव मिला

**मुजफ्फरनगर, 04 सितंबर (बु)।** रामपुरी तिराहे के पास नये पीर के पास व्यक्ति अचेत





अवस्था में मिला। पुलिस ने अचेत अवस्था में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान इसरार पुत्र गफ्फूर निवासी मिमलाना रोड है। बताया जा रहा है कि मृतक की मौत साधारण अवस्था में हुई है।

# आवारा कुत्तों ने छोटे से बच्चे को बनाया शिकार, बाजू में आया गहरा जख्म

**मुजफ्फरनगर, 04 सितंबर (बु)।** आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही आदेश दिये हैं। पहले तो इन्हें पकड़कर डॉग शैल्टर में रखने के आदेश जारी किये थे, लेकिन बाद में यह बदलकर इनकी नसबंदी करके जहां यह रहते हैं, वहीं छोड़ने के आदेश जारी कर दिये हैं। यह आदेश इसलिये भी जरूरी हैं क्योंकि आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। यह किसी को भी कभी भी अपना शिकार बना लेते हैं। ऐसा ही मामला शाहपुर थाना क्षेत्र के सांझक गांव से सामने आया है। यहां कीर्ती (3) पुत्री रोहित को आवारा कुत्तों ने काट लिया। आवारा कुत्तों ने बच्ची को इतनी बुरी तरह काटा था कि उसके बाजु का मास तक बाहर आ गया था। यह देखते हुए बच्ची को आनन-फानन में जिला अस्पताल लाया गया, जहां बच्ची को प्राथमिक उपचार भी दिया गया और एंटी रैबिज का इंजक्शन लगाया गया।





# मंदवाड़ा में 3 घर भरभराकर गिरे, भैंस घायल



बुढ़ाना, 04 सितम्बर (बु.)। बीते दिन एक दर्जन मकानों की छतें और दीवारें गिरने के बाद अब गांव मंदवाड़ा में तीन मकानों की छत भरभराकर गिर गयी। इनमें से एक स्थान पर मलबे में भैंस दबकर घायल हो गयी, जबकि परिवार के सभी सदस्य बाल-बाल बच गये। मिली जानकारी के अनुसार मंदवाड़ा गांव में अकरम अली पुत्र लियाकत, आजाद अली पुत्र इसराइल और कामिल पुत्र अय्यूब अली के मकान की छत भरभराकर गिर गयी। तीनों स्थानों पर लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। इसके अलावा कश्यप समाज की खाप के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप ने बताया कि लगभग आठ दिन पूर्व बुढ़ाना क्षेत्र के अलीपुर अटेरना गांव में भी एक गरीब विधवा महिला कविता पत्नि शिव कुमार कश्यप का मकान बारिश की वजह से गिर गया। तहसीलदार को सूचना दी तो उन्होंने लेखपाल को भेजने की बात कही परंतु आज तक कोई भी लेखपाल निरीक्षण करने के लिए मौके पर नहीं पहुंचा। क्या ऐसे में इन पीड़ित गरीबों की प्रशासनिक मदद होगी यह सोचने वाली बात है। कविता गांव में ही मेहनत मजदूरी करके अपने बच्चों का पालन पोषण कर रही है। स्थानीय प्रशासन को भी कई बार पीड़िता लिखित शिकायत कर चुकी पर किसी अधिकारी ने उसकी कोई भी सुनवाई नहीं की।





# बारिश के चलते गिरी मकान की छत, परिवार के सदस्यों ने भागकर बचाई जान

चरथावल, 04 सितम्बर (बु.)। क्षेत्र के ग्राम ज्ञाना माजरा में लगातार हो रही वर्षा के कारण एक ग्रामीण के मकान की छत अचानक गिर गयी। परिवार के सदस्यों ने भागकर जान बचायी। पीड़ित का हजारों रुपए का सामान मलबे में दब गया। भाकियू नेता विकास शर्मा ने अधिकारियों से पीड़ित को मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है। चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम ज्ञाना माजरा निवासी मोनू पुत्र पूरन सिंह के मकान की छत कई दिनों से लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण गुरुवार को अचानक गिर गयी। परिवार के सदस्यों ने भागकर जान बचाई। मकान में रखा हजारों रुपये का सामान मलबे में दब गया। ग्रामीणों की सहायता से मलबे में दबे सामान को निकाला गया। सूचना पर पहुंचे भाकियू नेता विकास शर्मा व ग्राम प्रधान सन्तराम ने इसकी सूचना अधिकारियों को देकर ग्रामीण को मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है।

# खतरे के निशान के पास से उफन रही हैं यमुना की लहरें

**-हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में लाखों क्यूसेक पानी एक सैकेंड के हिसाब से छोड़ा जा रहा**

कैराना, 04 सितम्बर (बु.)। हथिनीकुंड बैराज पर पानी का दबाव कम होने के चलते यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान से केवल 10 सेंमी कम हो गया। बृहस्पतिवार सुबह यमुना नदी का जलस्तर 231.40 मीटर पर दर्ज किया गया। खतरे का निशान 231.5 मीटर पर है। पहाड़ों व मैदानी इलाकों में हो रही लगातार बारिश के चलते हथिनीकुंड बैराज पर पानी का दबाव बढ़ गया था, जिसके चलते मंगलवार व बुधवार को यमुना नदी खतरे के निशान 231.5 मीटर को पार करते हुए 232 मीटर पर बह रही थी। सोमवार को हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में 3.29 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण यमुना नदी में बाढ़ आ गई थी। बाढ़ का पानी हजारों बीघा फसलों में भर गया था। इसके बाद हथिनीकुंड बैराज पर पानी का दबाव कम होता चला गया, जिसके चलते बृहस्पतिवार सुबह 8 बजे हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में 1 लाख 42 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। बृहस्पतिवार को भी यमुना नदी का जलस्तर 231.40 मीटर पर रहा, जो खतरे के निशान से केवल 10 सेंमी कम है। प्रशासन द्वारा बाढ़ चौकियों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। वहीं प्रशासन भी बार बार यमुना नदी का दौरा कर नजर बना कर रखी जा रही है।

# उफान पर सोलानी, जनजीवन अस्त व्यस्त

भोपा, 04 सितम्बर (बु.)। बीते लगभग एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश के कारण क्षेत्र की तीर्थनगरी शुकतीर्थ खादर में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए है। क्षेत्र में बह रही सोलानी नदी पूरे उफान पर है और जलस्तर लगातार बढ़ते हुए खतरनाक स्तर की और बढ़ रहा है। जलस्तर बढ़ने के कारण फसले आदि डूब गए हैं। भोपा क्षेत्र की प्रसिद्ध तीर्थनगरी शुकतीर्थ में सोलानी नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। जलस्तर बढ़ने के साथ ही सोलानी नदी के जल ने गांवों की और रुख कर लिया है, जिससे गांव के संपर्क मार्ग, खेत खलिहान, फसले आदि डूब गए हैं। लगातार हो रही बारिश खादर क्षेत्र के निवासियों के लिए आफत बनकर बरस रही है। सोलानी नदी का उफान रिकॉर्ड तोड़ स्तर तक पहुंचने को बेताब है। फसलें डूब जाने के कारण किसानों के सामने अपनी रोजी रोटी के साथ-साथ पशुओं के चारे की समस्या भी मुंह खोले खड़ी हुई हैं। जलभराव के कारण खादर क्षेत्र के कई गांव का सम्पर्क शुकतीर्थ से टूट गया है। दूसरी और जंगल मे किसानो के डेरो में रह रहे परिवार भी बाढ़ में फंस गये हैं। किसानों ने बताया कि फसलों के ऊपर से पानी गुजर रहा है, जिससे फसल खराब होने की स्थिति में आ गई है। फसलों के खराब हो जाने के बाद आने वाले आर्थिक संकट के बारे में सोचकर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें उभर आई हैं। जलभराव के बीच से गुजरकर ग्रामीण पशुओं आदि के लिए चारे की व्यवस्था कर रहे है, वहीं दूसरी और सोलानी नदी पूरे उफान पर आकर गांवों में घुसने को बेताब नजर आ रही है।



# शाहपुर चेयरमैन अकरम कुरैशी ने पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद का बीड़ा उठाया

**- नगर पंचायत सभासदों के साथ-साथ नगरवासियों ने भारी संख्या में एकत्रित की राहत सामग्री**

शाहपुर, 04 सितम्बर (बु.)। पंजाब में आई भयानक बाढ़ में वहां के नागरिकों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और वहां के नागरिकों के समक्ष जीवन चलाना दूभर हो गया है। इस दैवीय आपदा में पंजाब के नागरिकों की मदद करने को नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी ने नगर पंचायत बोर्ड के सभी सदस्यों कर्मचारियों से विचार-विमर्श के बाद नगर के नागरिकों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में राहत सामग्री भेजने की अपील की, तो लोगों ने बड़ा दिल दिखाते हुए तत्काल ही अध्यक्ष के आह्वान पर नगर पंचायत के दो कमरों को सामान से पूरी तरह से भर दिया। आज सुबह नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी ने नगर पंचायत सदस्यों आदिल खान, सोनू सैनी, वकीला बेगम, मनोज सैनी, मनोज अरोड़ा, सतीश पाल, अब्दुल कलाम अंसारी, आसिफ सलमानी, रेनू कुमार, बुद्ध प्रकाश, मोहसिन रंगरेज, विशाल गर्ग से विचार-विमर्श कर नगर पंचायत के समस्त स्टाफ को बुलवाकर सामर्थ्य अनुसार राहत सामग्री में सहयोग करने की अपील की, तो कुछ ही देर में सभासदों एवं कर्मचारियों ने लाखों रुपए की खाद्य सामग्री नगर पंचायत के कार्यालय में उपलब्ध करा दी। कुछ देर बाद नगर पंचायत के चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी ने माइक में स्वयं एनाउंस कर कस्बेवासियों से इस कार्य में सहयोग करने की अपील की, तो कस्बे के छोटे-बड़े सभी दुकानदारों ने बड़ा दिल दिखाते हुए नगर पंचायत कार्यालय को कुछ ने नगद तो कुछ ने भारी मात्रा में खाद्यान्न सामग्री नगर पंचायत कार्यालय में भेज दी। बड़ी मात्रा में नेशनल प्रॉपर्टी डीलर स्वयं अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी, सभासद सोनू सैनी, मनोज सैनी, आदिल खान, वकील बेगम के अलावा व्यापार मंडल के अध्यक्ष सचिन संगल तथा अन्य व्यापारियों ने व सब्जी विक्रेताओं ने भी नगर पंचायत कार्यालय में खाद्य सामग्री की अपने सामर्थ्य के अनुसार आपूर्ति कर दी। कल रात में ट्रक के माध्यम से यह सामग्री पंजाब जाएगी। इस खाद्य सामग्री में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन, वरिष्ठ लिपिक सतीश पवार व मो. वसीम आदि ने भी अपना भरपूर सहयोग दिया।

# सांसद व विधायक ने यमुना नदी का निरीक्षण कर जायजा लिया



कैराना, 04 सितम्बर (बु.)। पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में भारी बारिश रुकने का नाम नहीं ले रही है, जिसके चलते हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में प्रतिदिन भारी मात्रा में पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है। हथिनीकुंड बैराज पर पानी का दबाव ज्यादा होने के कारण बैराज के सारे गेट खोलने पड़ गए थे, जिसको लेकर दिल्ली और हरियाणा उत्तर प्रदेश पर स्थित यमुना नदी का जलस्तर बढ़ गया था। जलस्तर बढ़ने के बाद यमुना नदी खतरे के निशान को पार कर गई है, जिससे हरियाणा और उत्तर प्रदेश और गांव के आसपास फसलों में पानी आ गया, जिससे फसलें बर्बाद हो गई। इसकी क्रम में प्रशासन भी पूरा सतर्क है। उधर देर शाम सांसद व विधायक ने यमुना नदी के किनारे स्थित गांवों का दौरा किया तथा यमुना नदी के बांध पर पहुंचकर भी निरीक्षण किया। इस दौरान ड्रेनेज व बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों को बांध की मरम्मत सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया। इतना ही नहीं उन्होंने ग्रामीणों से सावधान रहने की अपील की। विधायक नाहिद हसन और सासंद इकरा हसन ने कहा कि कोई भी समस्या आए तो उससे पहले ही सावधान रहे। बांध अगर लिकेज होता है, तो अधिकारियों के संपर्क में रहे, वहीं उन्होंने अधिकारियों से भी नजर बनकर सतर्क रहने की अपील की है।

# पुतिन बोले- ट्रम्प भारत-चीन को धमकाना बंद करें, दोनों देशों को टैरिफ से नहीं डरा सकते




मास्को, 04 सितंबर (एजेंसी)। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से भारत और चीन को टैरिफ के नाम पर धमकाना बंद करने को कहा है। उन्होंने कहा कि दोनों (भारत-चीन) देश उनकी धमकी से डरने वाले नहीं हैं। चीन की विक्ट्री डे परेड में शामिल होने के बाद बुधवार (3 सितंबर) को मीडिया से बात करते हुए पुतिन ने कहा कि ट्रम्प, भारत या चीन से इस तरह से बात नहीं कर सकते। रूसी राष्ट्रपति ने कहा, 'भारत और चीन का इतिहास हमलों से भरा है। अगर इन देशों का कोई नेता कमजोरी दिखाएगा तो उसका राजनीतिक करियर खत्म हो सकता है।' दरअसल, ट्रम्प भारत पर कई बार आरोप लगा चुके हैं कि भारत रूसी तेल खरीदता है और यूक्रेन जंग में रूस का साथ दे रहा है। ट्रम्प अपने टैरिफ को जंग सुलझाने वाला हथियार बताते हैं। ट्रम्प ने बुधवार को द स्कॉट जेनिंग्स रेडियो शो में कहा था कि इस (टैरिफ) नीति की वजह से अमेरिका को ताकत मिलती है। ट्रम्प ने टैरिफ को जादुई हथियार कहा और दावा किया इसके जरिए उन्होंने 7 जंग रोकी हैं। पुतिन ने अमेरिका के रवैये को पुराना और रूढ़िवादी मानसिकता वाला बताया। उन्होंने कहा, 'औपनिवेशिक युग अब खत्म हो चुका है। अमेरिका को समझना होगा कि वह अपने पार्टनरों से ऐसी भाषा में बात नहीं कर सकता।' हालांकि उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में तनाव कम होगा और सामान्य राजनीतिक बातचीत फिर शुरू होगी। पुतिन की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब भारत रूसी तेल खरीदने के कारण अमेरिकी टैरिफ का सामना कर रहा है और चीन अमेरिका के साथ व्यापार युद्ध में उलझा है।

# आज कई गांवों-कस्बे की 4 घंटे बिजली रहेगी बंद

बुढ़ाना, 04 सितम्बर (बु.)। स्थानीय विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता अजीत कुमार यादव ने आज बृहस्पतिवार के दिन एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि 05 सितम्बर दिन शुक्रवार की सुबह लगभग 10 बजे से लेकर लगभग दोपहर 02 बजे तक यानि कि लगातार 04 घंटे के आसपास तक वैल्ली सब स्टेशन की लाइन ओवर हेड बनाने के लिए वैल्ली सब स्टेशन के साथ साथ अटाली, कुरथल, बुढ़ाना टाउन, बुढ़ाना देहात, मिंडकाली, चंधेड़ी, जौला और अलीपुर अटेरना सब स्टेशन का शट डाउन रहेगा, जिस कारण उक्त पूरे समय सभी बिजलीघर क्षेत्रों से जुड़े सभी गांवों की विद्युत आपूर्ति भी बंद रहेगी। उन्होंने सभी से धैर्य रखने और सहयोग करने की अपील की है और कहा है कि वे सुबह दस बजे से पहले पहले अपने विद्युत संबंधी सभी कार्य निपटा लें और एक अच्छे नागरिक होने का फर्ज निभाएं। उन्होंने इस कष्ट के लिए खेद भी जताया है।


# आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम

**- लघु उद्योग भारती संगठन जीएसटी 2.0 सुधारों का स्वागत करता है।**

लघु उद्योग भारती (एल.यू.बी.) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 15 अगस्त 2025 को लाल किले से दिए गए संबोधन में घोषित ऐतिहासिक जीएसटी 2.0 सुधारों तथा 3 सितम्बर 2025 को जीएसटी परिषद द्वारा अनुमोदित सरलीकृत दो-स्तरीय जीएसटी दर संरचना का हृदय से स्वागत करती है। 22 सितम्बर 2025 से लागू होने वाले 5% और 18% के तर्कसंगत कर स्लैब, भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में एक परिवर्तनकारी बदलाव का संकेत हैं। हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के विवेकपूर्ण मार्गदर्शन की सराहना करते हैं, जिन्होंने इस लंबे समय से प्रतीक्षित सुधार को साकार किया। कर दरों को सरल बनाने का यह निर्णय, साथ ही अल्पकालिक राजस्व हानि को वित्त मंत्रालय द्वारा वहन करने की प्रतिबद्धता, आर्थिक विकास, उपभोक्ता कल्याण और राष्ट्रहित के प्रति गहरी निष्ठा को दर्शाता है। यह सुधार वास्तव में युगांतरकारी है। यह केवल दर संरचना को सरल बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि विशेष रूप से सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसईड) के लिए व्यापार सुगमता की दिशा में एक बड़ा कदम है। कार्यशील पूंजी की आवश्यकता में कमी, कच्चे माल की सुलभता और व्यापक बाजार तक पहुंच छोटे उद्योगों को महत्वपूर्ण प्रोत्साहन प्रदान करेगी। हम विशेष रूप से पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने, त्वरित रिफंड और अनुपालना बोझ को कम करने पर केंद्रित इस सुधार का स्वागत करते हैं, जो मिलकर भारत के औद्योगिक आधार को सुदृढ़ करेंगे और उद्यमिता तथा नवाचार को एक अनुकूल वातावरण प्रदान करेंगे। ये जीएसटी 2.0 सुधार न केवल उद्योगों को लाभान्वित करेंगे बल्कि उपभोक्ताओं तक भी सीधे लाभ पहुँचाएंगे, जिससे उन्हें कम कीमतों और वस्तुओं व सेवाओं की बेहतर उपलब्धता का अनुभव होगा। हमें विश्वास है कि यह दर संरचना, स्थिरता और स्पष्टता प्रदान करते हुए, वाद-विवाद को कम करेगी, अनुपालन को प्रोत्साहित करेगी तथा उपभोग को बढ़ावा देगी और इस प्रकार समावेशी एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी। लघु उद्योग भारती भारत सरकार को इस सुधार के सुचारु और समयबद्ध क्रियान्वयन में अपना पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लेती है। हमारे सदस्य इकाइयाँ इस दर सरलीकरण से प्राप्त लाभों को उपभोक्ताओं तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे प्रधानमंत्री के "आत्मनिर्भर भारत" और "मेक इन इंडिया मूवमेंट के संकल्प को सशक्त किया जा सके। हम इन सुधारों को राष्ट्र-निर्माण का एक महत्वपूर्ण स्तंभ और आत्मनिर्भर, प्रगतिशील भारत की दिशा में एक साहसिक कदम मानते हैं, जो कि विकसित भारत बनने की और महत्वपूर्ण कदम है।



जगमोहन गोयल
(ज़िलाध्यक्ष)
लघु उद्योग भारती लक्ष्मीनगर


# शाहपुर क्षेत्र के गांव सोरम की ऐतिहासिक चौपाल पर बैठक आयोजित

**- 16 नवंबर से होने वाली तीन दिवसीय सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत की तैयारी को लेकर हुई चर्चा - किसान नेता राकेश टिकैत ने बताया कि15 वर्ष बाद हो रही है सर्व खाप पंचायत**





शाहपुर, 04 सितम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव सोरम 16 नवंबर से आयोजित होने वाली तीन दिवसीय सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत को सफल बनाने के लिए गांव में स्थित प्रसिद्ध चौपाल पर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि गांव सोरम में आयोजित होने वाली सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत ऐतिहासिक होगी। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व 2010 में सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत आयोजित की गई थी। 15 वर्ष बाद 16 नवंबर से तीन दिवसीय महापंचायत आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि गांव सोरम में आयोजित होने वाली इस महापंचायत को लेकर ग्रामीणों व आसपास के गांवों के अलावा अन्य लोगों में बेहद उत्साह है। उन्होंने बताया कि गांव में आयोजित होने वाली महापंचायत एक सामाजिक महापंचायत है। गांव सोरम में महापंचायत आयोजित होने का एक बड़ा महत्व है, इसका संदेश पूरे देश में जाता है। उन्होंने बताया कि महापंचायत में विभिन्न खाप चौधरियों के अलावा प्रदेश सहित हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान व उत्तराखंड आदि प्रदेशों के लोग शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि महापंचायत में छत्तीसगढ़ से आदिवासी समाज के लोग भी प्रतिभाग करेंगे, जो महापंचायत के अलावा क्षेत्र की संस्कृति का अवलोकन करेंगे। सर्व खाप मंत्री चौधरी सुभाष बालियान ने बताया कि गांव में 16 नवंबर से आयोजित तीन दिवसीय महापंचायत में विभिन्न खाप चौधरी सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए ठोस निर्णय लेंगे। उन्होंने बताया कि पंचायत को सफल बनाने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। बैठक में मौजूद ग्रामीण व अन्य गांव के ग्रामीणों ने महापंचायत को सफल बनाने के लिए अपने-अपने विचार रखे। बैठक की अध्यक्षता चौधरी बलजोर सिंह व संचालन मास्टर रामपाल सिंह ने किया। बैठक में बालियान खाप के हरसौली थांबेदार सौदान सिंह, बरवाला थांबेदार संजय सिंह, सोरम थांबेदार मांगेराम सिंह के अलावा भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव ओमपाल सिंह मलिक, जिला अध्यक्ष नवीन राठी, गांव प्रधान करणवीर सिंह, पूर्व प्रधान शिवचरण सिंह, सुधीर चौधरी, अमित कुमार, देशपाल सिंह, सत्येंद्र प्रधान, वीरेंद्र सिंह प्रधान, विजेंद्र सिंह प्रधान, डॉ. लोकेंद्र बालियान, रतन सिंह, सत्यवीर सिंह सेक्रेटरी, विकास बालियान, रतन सिंह व सोनू काबा आदि के अलावा गांव सोरम, गोयला, शाहजुड्डी, रसूलपुर जाटान, गढ़ी बहादुरपुर व काकड़ा आदि गांव के लोग मौजूद रहे।


## सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 144, दिनांक 28/01/2025 में गलती से पुत्र का नाम वारिस (WARIS) अंकित कराया गया था, जबकि उसका वास्तविक नाम वारिस सिंघल (WARIS SINGHAL) है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु शपथ-पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवदेक- चिराग सिंघल
581, मौहल्ला- नेचल गढ़, देवबन्द, सहारनपुर, मो. 9536544000

## सूचना

मेरी पुत्री स्नेहा के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 7467, दिनांक 18/7/2012 में गलती से पिता का नाम राहुल अंकित करा दिया गया था, जबकि वास्तविक एवं सभी अभिलेखों में मेरा नाम राहुल कुमार है और भविष्य में भी मुझे इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु सम्बंधित विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवदेक- राहुल कुमार
ग्राम-कादीपुर, भोपा, मुजफ्फरनगर
मो. 9368421687


# मैक्स हॉस्पिटल ने एसकेबी आरोग्यम हॉस्पिटल में सीपीआर ट्रेनिंग कराई



मुजफ्फरनगर, 04 अगस्त (बुस.)। मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली की ओर से एसकेबी आरोग्यम मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मैक्स हॉस्पिटल के डॉ. शशि ने नर्सिंग स्टाफ व स्वास्थ्यकर्मियों को आपातकालीन स्थिति में मरीज की जान बचाने हेतु सीपीआर की अहमियत समझाई। उन्होंने हार्ट अटैक, सांस रुकने और अन्य इमरजेंसी हालात में सीपीआर तकनीक का लाइव प्रदर्शन भी किया।

# सफाई कर्मचारियों को उनकी मनपसंद वर्दी वितरित की



मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बुस.)। पुरकाजी नगर पंचायत के चेयरमैन जहीर फारूकी एडवोकेट एवं अधिशासी अधिकारी मनीष वर्मा ने सफाई कर्मचारियों को उनकी मनपसंद वर्दी वितरित की। मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के जहीर फारूकी एडवोकेट एवं अधिशासी अधिकारी मनीष वर्मा ने नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों को उनकी पसंद की वर्दी वितरित की। अपनी-अपनी मनपसंद वर्दी पाकर कर्मचारी काफी खुश नजर आए। इस मौके पर चेयरमैन जहीर फारूकी ने कहा कि जब लोग बिस्तरों में सोते हैं, उस समय नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी सुबह सवेरे उठकर और रात तक सड़कों और गलियों में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत पुरकाजी के सफाई कर्मचारी उनके परिवार के सदस्य हैं। इसलिए हमेशा की तरह उनकी मनपसंद वर्दी दी गई है। गौरतलब है कि पूर्व में भी चेयरमैन के द्वारा सफाई कर्मचारी को कोट-पेंट और सफारी-सूट तक दिए गए हैं। इस बार भी सफाई कर्मचारी खुद मुजफ्फरनगर जाकर जो वर्दी का कपड़ा पसंद करके लाए थे, उसे ही इन्हें बनवा कर वर्दी दी है। इस मौके पर सफाई नायक चौधरी रविकांत, मैनपाल सिंह, राजेंद्र कुमार, सचिन कुमार, अनिल कुमार, रजत कुमार, मनीष कुमार, संदीप कुमार, सुरेंद्र कुमार आदि सफाई कर्मचारी शामिल रहे।

# बंगाल विधानसभा- भाजपा चीफ-व्हिप को मार्शलों ने घसीटकर निकाला:बेहोश हुए, 3 विधायक सस्पेंड

कोलकत्ता, 04 सितंबर (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल विधानसभा में गुरुवार को जमकर हंगामा हुआ। बंगाली प्रवासियों पर हो रहे अत्याचारों पर सत्ता पक्ष की ओर से लाए प्रस्ताव पर चर्चा की जा रही थी। इस दौरान विपक्ष (भाजपा) ने नारेबाजी की। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी प्रस्ताव पर बोल रहीं थीं। तभी भाजपा विधायकों ने 2 सितंबर को विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के निलंबन पर सवाल उठाते हुए नारे लगाए, जिसका टीएमसी विधायकों ने विरोध किया। हंगामे के बीच विधानसभा स्पीकर बिमान बनर्जी ने अव्यवस्था फैलाने के आरोप में भाजपा के चीफ व्हिप शंकर घोष को विधानसभा से सस्पेंड कर दिया। घोष के बाहर जाने से इनकार करने पर मार्शलों को बुलाया गया और उन्हें घसीटकर सदन से बाहर निकाला गया। बाहर निकालते समय वो गिरकर बेहोश हो गए, उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। घोष के अलावा दो अन्य भाजपा विधायक अग्निमित्र पॉल और मिहिर गोस्वामी को भी सदन से निलंबित कर दिया गया है। वहीं स्पीच के दौरान सीएम ममता बनर्जी ने मोदी चोर और वोट चोर के नारे लगाए। पश्चिम बंगाल विधानसभा का तीन दिन का विशेष सत्र 1 सितंबर को शुरू हुआ था। 3 सितंबर को करम पूजा के कारण राजकीय छुट्टी थी। आज सत्र का आखिरी दिन है। भाजपा 2021 में पहली बार बंगाल में विपक्षी पार्टी बनी थी। वह 2026 में टीएमसी को कांटे की टक्कर देने की कवायद में है। हालांकि, भाजपा के लिए यह सब अकेले करना आसान नहीं होगा। ऐसे में हरियाणा और दिल्ली की तरह आरएसएस बंगाल में भी उसकी ढाल बनने की कोशिश कर रहा है। एक्सपर्ट कहते हैं कि भाजपा ने अगर टीएमसी के वोट बैंक में 4% की सेंध लगा दी, तो यह 2026 के चुनाव में गेम चेंजर साबित हो सकता है।

# 15 दिन पहले नालों की सफाई करते समय टूट गये थे स्लैब

**- कभी भी हो सकता है हादसा, पालिका कृपया ध्यान दे**

मुज़फ़्फ़रनगर, 04 सितंबर (बु.)। शहर के मौहल्ला लद्दावाला में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहाँ नाला सफाई के दौरान ठेकेदार और उनके कर्मचारियों की लापरवाही से बड़ा हादसा होने का खतरा मंडरा रहा है। किचलू वाले बाग के पास नाले की सफाई के दौरान जेसीबी मशीन से नाले के स्लैब तोड़ दिए गए, जिससे पिछले 15 दिनों से नाला खुला पड़ा है। करीब 15 दिन पहले मोहल्ला लद्दावाला में चौड़ी गली से पहले स्थित नाले की सफाई के लिए ठेकेदार और कर्मचारी जेसीबी मशीन लेकर आए थे। आरोप है कि सफाई के दौरान लापरवाही बरतते हुए, नाले के ऊपर लगे स्लैब तोड़ दिए गए। इसके बाद से ही यह नाला खुला हुआ है, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खुले नाले के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बारिश होने पर नाला और सड़क एक समान दिखते हैं, जिससे राहगीर, खासकर बच्चे, खुले नाले में गिर जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे कई लोगों और बच्चों को नाले से निकाल चुके हैं, जिसमें कुछ लोग घायल भी हुए हैं। इस गंभीर स्थिति के बावजूद, प्रशासन या संबंधित विभाग द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। मौहल्ले के लोग प्रशासन से सवाल पूछ रहे हैं कि अगर इस खुले नाले की वजह से कोई बड़ा हादसा होता है, तो उसका ज़िम्मेदार कौन होगा? क्या यह जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी, या फिर नगर पालिका की, जिसने सफाई का ठेका दिया था? स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से तुरंत इस मामले पर संज्ञान लेने और टूटे हुए स्लैब को ठीक कराने की मांग की है, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।








# विज्ञप्ति

मुजफ्फरनगर डिस्ट्रिक्ट को-आपरेटिव बैंक लि0, मुजफ्फरनगर (जनपद-मुजफ्फरनगर की 38 शाखायें एवं जनपद-शामली की 12 शाखायें) कुल 50 शाखाओं एवं मुख्यालय का वित्तीय वर्ष 2025-26 का समवर्ती (कान्करेंट) आडिट कराया जाना है। जिसके अन्तर्गत समस्त शाखाओं की समवर्ती (कान्करेंट) आडिट बैंक अनिवार्य रूप से फार्मेट (प्रारूप) पर त्रैमासिक आधार पर रिपोर्टिंग करनी है। समवर्ती (कान्करेंट) आडिट कराने हेतु जपनद-मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर, बिजनौर, गाजियाबाद, मुरादाबाद एवं मेरठ में स्थित कार्यालय के पंजीकृत चार्टर्ड एकाउन्टेंट से निविदा आमंत्रित की जाती है। न्यूनतम अर्हता यह होगी कि फर्म का कान्करेंट आडिट का 03 वर्ष का अनुभव हो तथा फर्म में कम से कम 02 एफ0सी0ए0 03 वर्ष से अनवरत कार्यरत हो।

इच्छुक चार्टर्ड एकाउन्टेंट अपनी फर्म की कोटेशन बैंक फार्मेट (प्रारूप) का भली-भांति अवलोकन करते हुए (जी0एस0टी0, टी0ए0 एवं डी0ए0 सहित) सभी शर्तों सहित दिनांक 15/09/2025 शाम 5:00 बजे तक मुहरबन्द लिफाफे (टेक्निकल डाक्यूमेन्ट एवं फाईनेन्शियल पृथक-पृथक) में बैंक मुख्यालय कोर्ट रोड, मुजफ्फरनगर को प्रेषित कर सकती हैं। आडिट में सम्मिलित किये जाने वाले कार्य का विवरण बैंक फार्मेट (प्रारूप) एवं शाखाओं के व्यवसाय आदि का विस्तृत विवरण बैंक वेबसाईट www.muzaffarnagardcb.com पर अथवा किसी भी बैंक कार्यदिवस में बैंक मुख्यालय पर देखा जा सकता है।

सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी





संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत्र स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## दरभंगा में हुई अभद्रता के विरोध में बंद

दरभंगा में महागठबंधन के मंच से प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी और उनकी मां के विरुद्ध अभद्र भाषा विवाद को लेकर कल एनडीए की मातृशक्ति ने बिहार बंद रखा। बंद का असर पूरे बिहार में देखने को मिला। प्रदेशव्यापी बिहार बंद में भाजपा, जदयू, लोजपा, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा की नेत्रियां सड़क पर उतरी। बिहार बंद सुबह सात से 12 बजे तक हुआ। एनडीए नेत्रियों का आरोप है कि घटना बिहार को कलंकित करने वाली है। मां, भगवान की प्रतिमूर्ति होती है। मां, अपनी कोख में नौ महीने बच्चे को रखती है। फिर कैसे किसी राजनीतिक मंच से मां को भद्दी-भद्दी गालियां दी जा सकती हैं? जो हमें भगवान की तरह पाल-पोस कर बड़ा करती हैं, क्या कोई उसी मां को गाली देने के विषय में सोच सकता है? दरभंगा की इस घटना ने बिहार को शर्मसार किया। एनडीए ने स्पष्ट किया है कि बंद का उद्देश्य इस घटना का प्रतिकार करना है। बिहार की राजनीति में संभवत: पहली बार एनडीए महिला मोर्चा ने बंद कार्यक्रम में अपनी अहम भूमिका निबाही। महिलाओं का आरोप है कि पीएम मोदी एवं उनकी मां पर अमर्यादित टिप्पणी लोकतांत्रिक परंपरा का भी अपमान है। महागठबंधन की ओर से अब तक इस घटना को लेकर माफी नहीं मांगी गई है। यह उनके अहंकार का परिणाम है। बिहार बंद के आह्वान को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और नेता कल बिहार की सड़कों पर उतर आए। बिहार के कई शहरों में कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी माफी मांगो और राहुल-तेजस्वी मुर्दाबाद के नारे लगाए। जहानाबाद में बंद के दौरान भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं और एक महिला शिक्षिका के बीच तीखी नोकझोंक और धक्का-मुक्की हो गई। भाजपा महिला कार्यकर्ता सड़क पर प्रदर्शन कर रही थी। इसी दौरान एक महिला शिक्षिका अपनी कार से जाम स्थल पार करने की कोशिश करने लगी। कार्यकर्ताओं ने रोककर वापस जाने को कहा, लेकिन वह नहीं मानी। इसके बाद दोनों पक्षों में बहस शुरू हो गई और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। गुस्साई महिला कार्यकताओं ने शिक्षिका को कार से उतारने की कोशिश की, जिससे धक्का-मुक्की की नौबत आ गई। बताया जाता है कि झड़प के दौरान शिक्षिका ने प्रधानमन्त्री पर अशोभनीय टिप्पणी पर कर दी, जिससे मामला गरमा गया। भाजपा एमएलसी निवेदिता सिंह ने पटना में सड़कों पर उतरकर जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। 'माँ का अपमान कांग्रेस की पहचान, माँ तेरे सम्मान में बिहार की बेटियाँ मैदान में, माँ का अपमान हर भारतीय का अपमान' का नारा लगाते हुए निवेदिता सिंह सहित अन्य नेताओं ने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है कि देश के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की माँ, जो एक वृद्ध और सम्मानित महिला थीं, उनके बारे में अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया। यह केवल प्रधानमन्त्री का नहीं, बल्कि हर भारतीय माँ का अपमान है। राजनीति में असहमति हो सकती है, लेकिन मर्यादा और संस्कारों की सीमाएं नहीं टूटनी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी इस घृणित टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा करती है और मांग करती है कि ऐसे व्यक्तियों का समर्थन करने वाले राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव देश से माफी मांगें। देश की जनता ऐसे अपमान को कभी माफ नहीं करेगी। भाजपा नेता और कार्यकर्ता सुबह ही से राजधानी पटना सहित राज्य के कई शहरों में सड़क पर उतरकर जमकर बंद को सफल बनाने की कोशिश में लगे रहे। भाजपा समर्थक सड़क पर उतरे, उन्होंने सड़क के बीचों-बीच बांस लगाकर वाहनों का अवागमन बाधित कर दिया। बंद की तैयारी भावुकता के साथ की गयी थी। बिहार के अखबारों में कल एनडीए की तरफ से विज्ञापन दिया गया है, जिसमें लोगों से 4 सितंबर को बिहार बंद में स्वेच्छा से शामिल होने की अपील की गई। विज्ञापन में एक मां का फोटो और भड़कते हुए शख्स की फोटो भी लगाई गई है। इससे जाहिर हो रहा है कि भाजपा पीएम मोदी की मां के अपमान को बड़ा मुद्दा बनाने जा रही है। राहुल गांधी बिहार चुनाव से पहले वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का मुद्दा जोर-शोर से उठा रहे हैं। बिहार में इसे लेकर उन्होंने वोटर अधिकार यात्रा' की। बिहार चुनाव से पहले राहुल ने इस रैली के जरिए अपने पक्ष में माहौल बनाने का पूरा प्रयास किया, लेकिन वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान दरभंगा में हुई अभद्रता ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। राहुल की वोटर अधिकार यात्रा समाप्त होते ही, बीजेपी ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वोटरों के मिजाज को बीजेपी और पीएम मोदी बहुत अच्छी तरह से समझते हैं। पीएम मोदी जब बोलते हैं, तो लोग उन्हें सुनते ही नहीं, उनसे भावनात्मक रूप से जुड़ते भी हैं। कई बार ऐसा देखा गया है कि पीएम मोदी ने जब-जब अपनी रैलियों में कहा है, विरोधी मुझे गाली देते हैं, तो लोगों पर इसका भावनात्मक असर हुआ। इस बार भी कुछ ऐसा ही माहौल बनता नजर आ रहा है। पीएम मोदी ने जब कहा, मुझे और मेरी मां को भद्दी गालियां दी गईं, तो हर दूसरे शख्स की जुबान पर यही मुद्दा सुनने को मिला। कांग्रेस अक्सर सेल्फ गोल करती रहती है। साल 2007 में गुजरात के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और बीजेपी के बीच कांटे की टक्कर की संभावना जताई जा रही थी, तब सोनिया गांधी की एक चूक ने उन्हें गुजरात में सत्ता से दूर कर दिया था। सोनिया ने एक सभा में पीएम मोदी को 'मौत का सौदागर' कह दिया था। बीजेपी ने इस मुद्दे को भुनाया और 183 में से 117 सीटें जीत लीं। साल 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने पीएम मोदी को एक कार्यक्रम के दौरान 'चायवाला' कहा था। बीजेपी और पीएम मोदी ने इसे चुनावी मुद्दा बनाया और कांग्रेस को बैकफुट पर धकेल दिया। साल 2017 में गुजरात के विधानसभा चुनाव के दौरान एक बार फिर मणिशंकर अय्यर ने बीजेपी को बैठे बिठाए एक मुद्दा दे दिया था, तब उन्होंने पीएम मोदी को 'नीच' कह दिया था। पीएम मोदी ने इसे पूरे ओबीसी समाज के लोगों से जोड़कर उनका अपमान बताया। माहौल बन गया और कांग्रेस चुनाव हार गई। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने 'चौकीदार चोर है' का नारा दिया, लेकिन यही उनसे भूल हो गई। इसका बीजेपी ने 'मैं भी चौकीदार' से पलटवार किया। पीएम मोदी सहित सभी बीजेपी नेताओं ने तब खुद को चौकीदार बताया। पूरे देश में माहौल बन गया और कांग्रेस फिर हार गई।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'उर्दू' 'गीता' 'हिन्दी' 'कुरआन'

भाषाओं पर लड़ने वाले यूँ ही लड़ते रहते हैं,
उर्दू में गीता मिलती है,हिन्दी में मिलता कुरआन।
मैं शायर हूँ, मेरे घर में, दोनों ऐसे रहती हैं,
हिन्दी, उर्दू पर मरती है, उर्दू, हिन्दी पर कुर्बान।

# अग्निवीर भर्ती रैली पहुंची अपने अंतिम पड़ाव की ओर

- आज नुमाइश ग्राउंड में वेस्ट यूपी के युवाओं को अंतिम मौका
- 13 जनपदों के तकनीकी व ट्रैडमैन बनने बनने को दौड़े 1157 युवा

**मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)।** मेरठ रोड स्थित चौ. चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम व नुमाइश ग्राउंड में भारतीय थल सेना की अग्निपथ योजना के तहत शुरू हुई अग्निवीर सैन्य भर्ती रैली अब समाप्ति की ओर है। इस कड़ी में शुक्रवार को अग्निवीर जवानों की भर्ती रैली के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन कराने की तैयारी है। इससे पूर्व गुरूवार को वेस्ट यूपी के 13 जनपदों के चयनित 1157 अभ्यर्थियों ने सेना अफसरों के तय मापदंडों पर खरा उतरते हुए अग्निवीर के तकनीकी व ट्रैडमैन पदों के लिए शारीरिक शक्ति प्रदर्शन किया। हालांकि इस बीच दौड़ के पहले पड़ाव पर ही बड़ी संख्या में अभ्यर्थी विफल होने के साथ प्रतिस्पर्धा से आउट हो घर लौट गए। नगर मुख्यालय स्थित चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम और नुमाइश ग्राउंड में बीते 22 अगस्त से संचालित 13 जनपदों की 58 तहसीलों की अग्निवीर सैन्य भर्ती



अब अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर है। शुक्रवार को अग्निवीर सेना भर्ती रैली पूर्ण होने जा रही है। गुरूवार सुबह तय समय पर इस कड़ी में अग्निवीर ट्रेडमैन और तकनीकी पदों के लिए सैन्य भर्ती प्रक्रिया के तहत एआरओ मेरठ क्षेत्र के सभी जिलों के अभ्यर्थियों ने शारीरिक दक्षता परीक्षा के तय विभिन्न पड़ाव पर खुद को साबित करने में खातिर दमखम दिखाया। इस



बीच अग्निवीर तकनीकी व अग्निवीर ट्रेडमैन के लिए 1157 अभ्यर्थियों में अमरोहा, बागपत, बिजनौर, बुलंदशहर, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, सहारनपुर, शामली, रामपुर, मुरादाबाद, मेरठ गाजियाबाद व मुजफ्फरनगर के युवाओं के साथ तकनीकी पद के लिए जनपद मेरठ, मुरादाबाद व मुजफ्फरनगर के युवाओं ने भाग लिया। हालांकि इस बीच दौड़ में विफल रहे अभ्यर्थियों को सेना के जवानों ने पहले चरण में बाहर का रास्ता दिखाया, जबकि शेष युवाओं ने देर सायं तक विभिन्न जांच पड़ताल व शारीरिक क्षमता के बूते अग्निवीर भर्ती रैली में अपना स्थान बनाने के प्रयास इस बीच जारी रखें। एआरओ मेरठ कार्यालय के भर्ती निदेशक कर्नल सत्यजीत बेबले के अनुसार शुक्रवार को भारतीय थल सेना की अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर क्लर्क एवं सेकेट्री पद के लिए लिखित परीक्षा के उपरांत 13 जनपदों से 1073 अभ्यर्थी चयनित हुए और इन्हें शुक्रवार को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए मुजफ्फरनगर में आमंत्रित किया गया है। इससे पूर्व गुरूवार में संपन्न हुई अग्निवीर तकनीकी एवं ट्रैडमैन भर्ती रैली में जनपद बागपत, बिजनौर, मेरठ और मुरादाबाद, अग्निवीर ट्रेडमैन 8वीं पास के लिए मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली और अमरोहा तथा अग्निवीर ट्रेडमैन 10वीं पास के लिए रामपुर, गाजियाबाद, हापुड़, बुलंदशहर, गौतमबुद्धन नगर के अभ्यर्थियों को मुजफ्फरनगर में आमंत्रित किया गया था। सुबह मौसम खुला रहने के कारण दौड़ आदि प्रक्रिया पूर्ण कराने में सैन्य अफसरों को राहत रही।





# मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने पीड़ित परिवारों से की मुलाकात, बांटा दर्द

## - मृतकों को की 50-50 हजार रुपए मदद की घोषणा

**मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)।** मां वैष्णो देवी हादसे में नगरीय क्षेत्र के 6 प्रजापति और एक कश्यप समाज के प्रभावित परिवार का हाल-चाल जानने के लिए नगर मुख्यालय पहुंचे प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने मुलाकात की। इस बीच उन्होंने कड़े फैसले लेते हुए प्रमुख निर्देश दिए। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने प्रजापति समाज के छह लोगों के साथ ही कार्तिक कश्यप को लेकर डीएम उमेश मिश्रा से वार्ता करते हुए घायलों एवं मृतकों के परिवारों की आर्थिक मदद के साथ अन्य संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने श्राइन बोर्ड और राजस्व आपदा समिति को डीएम के माध्यम से 09 लाख मृतकों के परिवार को तत्काल दिलाए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने 50-50 हजार रुपए की आर्थिक मदद अपने निजी स्तर से प्रदान करने का ऐलान किया। इस दौरान उनके साथ रामकुमार कश्यप प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, सुंदर पाल जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, विजय वर्मा महामंत्री, अंकित उप्पल, कार्तिक, मुकुल उपाध्याय, रोबिन कश्यप, प्रमोद कश्यप आदि मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए शिक्षक-कर्मियों ने भरी हुंकार

## - शिक्षक दिवस पर परिवार संग उपवास पर रहेंगे तमाम कर्मचारी

**मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अटेवा-पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आह्वान पर जनपद मुजफ्फरनगर के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं अधिकारी अपने परिवारों के साथ एक दिवसीय उपवास रखकर इस बार पुरानी पेंशन बहाली की मांग करेंगे। शिक्षक दिवस पर आयोजित "परिवार संग उपवास" कार्यक्रम देशभर के कर्मियों के अधिकारों की रक्षा, सम्मानजनक वृद्धावस्था के लिए पुरानी पेंशन की बहाली की मांग को मजबूत करने का प्रयास है। अटेवा जिलाध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार गर्ग ने बताया कि 5 सितंबर को जनपद के सभी विद्यालयों, कार्यालयों, विभागों में कार्यरत शिक्षक, कर्मचारी और अधिकारी अपने परिवार सहित इस दौरान उपवास रखकर केंद्र व राज्य सरकार से पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की अपील करेंगे। अटेवा का साफ संदेश है कि पुरानी पेंशन बहाल करो वरना संघर्ष और तेज होगा। सभी शिक्षक व कर्मचारी 05 सितंबर को परिवार संग उपवास, 01 अक्टूबर को ट्विटर अभियान एवं 25 नवंबर को दिल्ली में पुरानी पेंशन बहाली हेतु हुंकार रैली का आयोजन करेंगे। अटेवा इकाई ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र पुरानी पेंशन बहाली पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। अटेवा संयोजक, पदाधिकारी व कार्यकर्ता जनपद के कर्मचारियों से अपील करते हैं कि वे उपवास कार्यक्रम में परिवार सहित अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुरानी पेंशन बहाली की आवाज को बुलंद करें।

आवश्यकता है
शोरूम हेतु
हेल्पर, सेल्समैन व
कम्प्यूटर ऑपरेटर की
MAYA
(लंहगा/सूट)
निकट जैन चाट, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
Mob.: 9719728421





# आगामी त्यौहारों को लेकर डीएम-एसएसपी ने ली बैठक

## - सोशल मीडिया पर अफवाहों से बचने की दी सदस्यों को सलाह

## - सभी लोगों से त्यौहारों को सद्भाव एवं शांतिपूर्ण रूप से मनाने का आह्वान किया

**मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)।** जिला पंचायत सभागार में आगामी गणेश चतुर्थी, गणेश मूर्ति विसर्जन तथा बारावफात, नवरात्रि व दशहरा आदि त्यौहारों के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी लोगों से इन त्यौहारों को सद्भाव एवं शांतिपूर्ण रूप से मनाए जाने का आह्वान किया। डीएम उमेश मिश्रा एवं एसएसपी संजय वर्मा की मौजूदगी में पीस कमेटी से जुड़े सदस्यों को इस दौरान जरुरी दिशा-निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने जिला पंचायत सभागार में मौजूद पीस कमेटी सदस्यों से कहा कि यह माह बहुत पवित्र है, जिसमें आगामी गणेश चतुर्थी, श्री गणेश मूर्ति विसर्जन व बारावफात आदि त्योहार मनाए जाएंगे। उन्होंने एक-दूसरे की भावना को समझते हुए आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्वक तरीके से मनाए जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कोई भी नई परंपरा ना डाली जाए। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का पहले से देख लें। उन्होंने कहा कि जिले में जुलूसों को निर्धारित मार्गों से ही निकाला जाए, इसका विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि जुलूस वाले मार्गों पर जुलूस के दिन सभी संबंधित अधिकारी स्वयं भ्रमण करते हुए व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए जुलूसों को शांतिपूर्वक संपन्न कराए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन मार्गों से जुलूस निकाले जाते हैं उनको देख लें यदि बरसात के कारण रोड खराब हो गई है तो उसे ठीक करा लें। बैठक में एसएसपी संजय वर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसी कोई पोस्ट ना किया जाए, वहीं अफवाहों पर ध्यान ना दिया जाए, यदि कोई घटना संज्ञान में आती है तो उच्चाधिकारियों को उसकी जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि जनपद मुजफ्फरनगर गंगा जमुना की परंपरा रही है, विगत त्योहारों को अच्छे से मनाया गया है, ठीक उसी प्रकार से इन पर्वों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। उन्होंने पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने थाने में पीस कमेटी की बैठक करने के साथ समय रहते अपने-अपने क्षेत्र का निरीक्षण कर लें। बैठक में एसपी नगर सत्यनारायण प्रजापत ,एसपी ग्रामीण, एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह, एडीएम वित्त गजेंद्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट पंकज राठौर समेत अन्य अधिकारी तथा पीस कमेटी सदस्य मौजूद रहे।

5 सितम्बर
शिक्षक दिवस- सकंल्प दिवस
" किसी राष्ट्र का निर्माण वृक्षों-चट्टानों से नहीं ,
नागरिकों के नैतिक चरित्र से होता है। इसका निर्माण कारखानों में
नहीं, पाठशालाओं में शिक्षकों द्वारा किया जाता है।" ...... पैस्टोलोजी
समस्त शिक्षक- शिक्षिकाओं, भाई-बहनों को उनका कर्त्तव्य-बोध
कराते हुए शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गणतंत्र भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डा0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन को
उनके जन्मदिवस पर सादर स्मरण, विनम्र श्रृद्धाजंलि।
देवी सिंह सिम्भालका (श्रेष्ठ समाजसेवी, पूर्व शिक्षक) गांधी इण्टर कॉलेज, चरथावल
डा. वेदपाल सिंह (पूर्व प्रधानाचार्य) दयानन्द इण्टर कॉलेज, दूधाहेड़ी, पूर्व प्रदेश महासचिव, मा0 शिक्षक संघ
गजेन्द्र पाल (पूर्व प्रवक्ता) कल्याणकारी इं. कॉलेज, बघरा, पूर्व सभासद, मुजफ्फरनगर पालिका

# चेयरपर्सन ने तीन वार्डों में पांच सड़कों समेत किया 86 लाख के निर्मित कार्यों का लोकार्पण

## - कांवड़ मार्ग पर 40 लाख के नाले से बदलेगी निकासी व्यवस्था

**मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)।** पालिका प्रशासन ने जल निकासी के साथ आवागमन की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए नवनिर्मित सीसी सड़कों व नाला निर्माण कार्य के रूप में विकास की सौगात जनता को समर्पित करने का क्रम जारी है। इसी क्रम में पालिका चेयरपर्सन ने शहर के तीन वार्डों में राज्य वित्त व 15वें वित्त आयोग के तहत प्राप्त धन राशि में करीब 86 लाख रुपये की लागत से पांच नवनिर्मित सीसी सड़कों और कांवड़ मार्ग पर जल निकासी को बेहतर बनाने के लिए करीब 400 मीटर लंबे सीसी नाले का लोकार्पण कर इन्हें जनता को समर्पित किया। पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने गुरूवार को जनता को विकास की सौगात देने के लिए कांवड़ मार्ग मदनी चौक से बझेड़ी अंडरपास तक सड़क के बाई ओर 15वें वित्त के तहत बनवाये गए सीसी नाला निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। यहां पर 40 लाख रुपए की लागत से 390 मीटर सीसी नाला निर्माण कार्य कराया गया। वहीं वार्ड 52 में दो सीसी सड़कों व नाली निर्माण का कार्य पूर्ण होने पर इनका शुभारंभ करते हुए जनता को समर्पित किया। वार्ड 41 के सभासद हिमांशु कौशिक के साथ चेयरपर्सन ने आदर्श कॉलोनी में 8 लाख रुपये की लागत से तैयार सीसी सड़क का लोकार्पण किया। यहां मुख्य रूप से सभासद अमित कुमार, रवि पाल, विष्णु दत्त शर्मा, पुष्पेन्द्र तोमर आदि ने पालिका के इस कार्य की सराहना की। वार्ड 26 में साकेत कॉलोनी मुख्य मार्ग और ब्रह्मपुरी में करीब 30 लाख रुपये की लागत से दो नवनिर्मित सीसी सड़कों व नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। यहां लोगों ने फूल मालाओं के साथ चेयरपर्सन का स्वागत किया। इस दौरान वार्ड सभासद देवेश कौशिक के साथ डॉ. अशोक सिंघल, अशोक त्यागी, राजेश गुप्ता, संजय गौतम, डॉ. संजीव गौतम, संदीप वत्स, आदेश गौतम, ज्योत्सना, नीरज गौतम, भावना सिंघल, लवी शर्मा, तरूण गुप्ता, ब्रज भूषण त्यागी, गणेश दत्त आदि लोगों ने उनका अभिनंदन और स्वागत किया। इस सम्बन्ध में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि हम नगर सौंदर्यीकरण, सफाई, यातायात व्यवस्था, जल निकासी व बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देकर शहर को मॉडल सिटी बनाने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। जनसहयोग से हम मुजफ्फरनगर को एक स्वच्छ, सुंदर, व्यवस्थित व आधुनिक नगर बनाने के अपने लक्ष्य को अवश्य पूरा करेंगे। इसी कड़ी में कुछ विकास कार्यों को पूर्ण कराकर जनता को समर्पित किया है। जल्द ही दायीं साइड नाला निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा। इस पर पालिका करीब 40 लाख रुपये का बजट खर्च करने जा रही है। दोनों ओर सीसी नाले बनने से क्षेत्र के निवासियों और कांवड़ यात्रा के दौरान आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था का लाभ मिलेगा, जिससे जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान संभव होगा।



# हिन्द मजदूर किसान समिति ने बाढ़ पीड़ितों को दी मदद

## - पंजाब-हिमाचल मुख्यमंत्री कोष में जमा कराए 51-51 हजार रुपए

**मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)।** मौ. लक्ष्मण विहार में हिन्द मजदूर किसान समिति के बैनर तले गुरूवार को सहयोगियों की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में समिति के प्रवक्ता अमित सिंह ने बताया कि हिन्द मजदूर किसान समिति पिछले कई वर्षो से आपदा के समय में मजदूर किसानों की सहायता के लिए उनके साथ खड़ी रहती है। इसी क्रम में हिन्द मजदूर किसान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रमोहन ने अपने निजी बैंक खाते से हिमाचल प्रदेश और पंजाब में आई आपदा में पीड़ितों के लिए 51-51 हजार रुपए की धनराशि का सहयोग किया। उन्होंने 51 हजार रुपए हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री राहत कोष एवं 51 हजार रुपए पंजाब प्रदेश के मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा किए। उन्होंने बताया कि जल्द हिन्द मजदूर किसान समिति हरियाणा क्षेत्र के किसानों का एक समूह राहत सामग्री लेकर पंजाब के लिए रवाना होगा। साथ ही जनपद मेरठ, मुजफ्फरनगर, बिजनौर एवं हरिद्वार के मजदूर किसान खादर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री की व्यवस्था करेंगे। उन्होंने दावा किया कि हिंद मजदूर किसान समिति फसल से पहले नस्ल बचाने का प्रयास निरंतर कर रही है। हम ये मानते हैं कि फसल तो हम बचा लेंगे, लेकिन नस्ल बचाना ज्यादा जरूरी है। इस दौरान नवीन, रविकांत, सुभाष, अरविंद, विनोद, अरविंद चांदपुर, मोहित आदि मौजूद रहे।



# पूर्व प्रधान प्रत्याशी सहित 5 वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चरथावल, 04 सितम्बर (बु.)।** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में अलग-अलग स्थानों से पूर्व प्रधान प्रत्याशी सहित पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए सभी वारंटियों को जेल भेज दिया है। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में कुटेसरा चौकी प्रभारी अमित कुमार ने उपनिरीक्षक परविन्द्र, हेड कांस्टेबल अजीत कुमार, सोनू सिरोही ने मारपीट एवं जान से मारने की धमकी व 67 आईटी एक्ट में फरार वारंटी साकिब पुत्र कादिर निवासी ग्राम कुटेसरा पूर्व प्रधान पद प्रत्याशी 138/1 बीएल एक्ट में फरार वारंटी महताब पुत्र नय्युम निवासी कुटेसरा घर में घुसकर जान से मारने की धमकी एवं मारपीट के मामले में फरार इंतजार पुत्र तराबु निवासी ग्राम कुटेसरा तथा शिवराज पुत्र मांगेराम उर्फ मांगा निवासी ग्राम अमोली थाना देवबंद जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा हिंडन चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने कांस्टेबल दीपक यादव के साथ मिलकर न्यायालय में पेश न होने पर फरार चल रहे वारंटी रईस पुत्र जमशेद निवासी ग्राम कुल्हेड़ी थाना चरथावल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी पकड़े गए वारंटियों को जेल भेज दिया है। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि अपराधियों की धरपकड़ हेतु अभियान जारी रहेगा।



# उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय महासभा नगर इकाई मुजफ्फरनगर की बैठक सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बुस.)।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय महासभा नगर इकाई मुजफ्फरनगर की बैठक नगर अध्यक्ष सुरेश त्यागी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पब्लिक जूनियर हाईस्कूल फ्रेन्डस कॉलोनी मुजफ्फरनगर के प्रांगण में संपन्न हुई, जिसका संचालन अनिल धीमान द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय अध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने महासभा के विस्तार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अनिल धीमान ने यू डाइस पोर्टल पर ऑनलाइन संबंधी समस्याओं एवं उनके समाधान पर विस्तार से अपने विचार रखे। जिला महासचिव राधे लाल चौहान ने अपने संबोधन में उपस्थित सभी विद्यालय प्रबंधक-प्रधानाचार्य को जल्द से जल्द सदस्यता ग्रहण करने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष सतीश शर्मा ने सदस्यता ग्रहण करने वाले विद्यालय को तुरंत सदस्यता प्रमाण-पत्र वितरित करने का सुझाव दिया। जिला अध्यक्ष रकमपाल सिंह सैनी ने सदस्यता अभियान के लिए नगर को चार सेक्टर में विभाजित करके सदस्यता अभियान में तेजी लाने का सुझाव दिया। बैठक को मुख्य रूप से वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष उमेश चौरसिया, युसूफ खान, मोहम्मद आसिफ, डॉ. कृष्ण दत्त शर्मा, अमर पांचाल, बिशंबर सिंह पांचाल आदि ने संबोधित किया। अंत में बैठक की अध्यक्षता कर रहे नगर अध्यक्ष सुरेश त्यागी ने अपने संबोधन में लगातार हो रही बारिश में भी भारी संख्या में पधारे विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्यो का आभार व्यक्त करते हुए राष्ट्रगान के साथ सभा की समाप्ति की घोषणा की।






## स्टेडियम में आईपीएल देखना महंगा हुआ

**नई दिल्ली, 04 सितंबर (एजेंसी)।** अब क्रिकेट फैंस को स्टेडियम में आईपीएल मैच देखने के लिए ज्यादा पैसे देने पड़ेंगे, क्योंकि सरकार ने जीएसटी की दर 28% से बढ़ाकर 40% कर दी है। जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग में इस पर फैसला लिया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 3 सितंबर को इसकी जानकारी दी। नई टैक्स व्यवस्था ने आईपीएल देखना एक लग्जरी एक्टिविटी माना




है और इसे तंबाकू उत्पादों और कसीनो जैसी सर्विसेज की ही कैटेगरी में रखा है। हालांकि, आम क्रिकेट मैचों पर अभी भी 18% जीएसटी ही लागू रहेगा। यानी ये बदलाव सिर्फ प्रीमियम स्पोर्ट्स इवेंट्स के लिए है। दूसरी ओर, 100 रुपए तक की सिनेमा टिकटों पर सिर्फ 5% जीएसटी लगेगा, जो पहले 12% था, लेकिन 100 रुपए से ज्यादा की टिकटों पहले की तरह 18% जीएसटी लगेगा। वहीं, होटल बुकिंग, सौंदर्य और सेहत से जुड़ी सेवाओं पर जीएसटी को घटाकर 5% कर दिया गया है। वित्त मंत्री ने बताया कि नए स्लैब नवरात्रि के पहले दिन, यानी 22 सितंबर से लागू हो जाएंगे। हालांकि, तंबाकू वाले सामान पर नई 40% जीएसटी दर अभी लागू नहीं होगी। इन बदलावों का मकसद आम आदमी को राहत देना, छोटे व्यवसायों को सपोर्ट करना और हानिकारक उत्पादों जैसे तंबाकू पर टैक्स बढ़ाकर उनके उपयोग को कम करना है।

# जिले की 4 बेटियों समेत 15 युवाओं को मिली स्वास्थ्य विभाग में नौकरी

**▶▶ आयोग की परीक्षा पास करने वालों को आवंटित हुआ जनपद**

**▶▶ नौ कनिष्ठ लिपिक हुए जनपद मुजफ्फरनगर में तैनात**

**मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग परीक्षा में सफलता हासिल करने वाली 04 बेटियों समेत 15 युवाओं को स्वास्थ्य विभाग में नई जिम्मेदारी मिली है। जिले का नाम रोशन करने वाले 15 युवाओं को तीन जिलों बागपत, मेरठ और सहारनपुर में तैनाती दी गई है। इस परीक्षा में विभिन्न जनपदों से चयनित नौ कनिष्ठ लिपिकों को मुजफ्फरनगर में तैनाती मिली, जबकि जिले से चयनित 15 युवाओं को पडोसी जनपदों में तैनाती मिली है, जिससे उनके परिवारों में खुशी की लहर दौड़ गई।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से 2022 में चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा विभाग में कनिष्ठ सहायकों के पद पर भर्ती निकाली थी, जिसमें मुख्य परीक्षा के बाद आयोग द्वारा परिणाम घोषित किये गये और इसके बाद इनका प्रशिक्षण संपन्न कराया। इस परीक्षा में अपनी काबिलियत के बल पर चयनित हुए 1112 अभ्यर्थियों को प्रदेश के विभिन्न जिलों में तैनाती के लिए जिला आवंटन सूची जारी कर दी गई। स्वास्थ्य विभाग की रिक्तियों पर लंबे समय से प्रतीक्षित भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद युवाओं को जिला आवंटित किया गया। चयन सूची में जिन परिवारों के बच्चों का नाम शामिल हुआ, उनके घरों में जश्न का माहौल है। जिले की चार बेटियों ने इस परीक्षा को कड़ी मेहनत, लगन व आत्मविश्वास के बल पर प्राप्त किया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा विभाग में कनिष्ठ सहायकों के पद पर चयनित मुजफ्फरनगर के युवाओं में अमित कुमार, शिवी, वैशाली, पायल शर्मा, विदुषी त्यागी, विक्रांत कुमार, सुमित कुमार, ललित कुमार, सौरभ धामा, विक्रांत कुमार, विकुंज कुमार, अगम गर्ग, आवेश कुमार, शैलेन्द्र आत्रेय और शुभम पंवार शामिल हैं। इन सभी को जिला आवंटित कर तैनाती दे दी गई, इनमें से अमित कुमार, शिवी, वैशाली, पायल शर्मा, विदुषी त्यागी, विक्रान्त कुमार को जनपद सहारनपुर, सुमित कुमार, ललित कुमार, सौरभ धामा, विक्रान्त कुमार, विकुन्ज कुमार को जनपद मेरठ और अगम गर्ग, आवेश कुमार, शैलेन्द्र आत्रेय और शुभम पंवार को जनपद बागपत में तैनाती मिली है। इसके अलावा अन्य जिलों से चयनित 9 युवाओं को मुजफ्फरनगर जिला आवंटित किया है, इनमें जनपद बिजनौर से शुभम सिंह, दीपा रानी, रवि कुमार, पारस ठाकरान व महाजन सिंह के नाम शामिल है। बागपत जनपद से चयनित विजय कुमार, विकास तोमर व प्रशांत के साथ जनपद सहारनपुर निवासी आदर्श सिंह मुजफ्फरनगर स्वास्थ्य विभाग में कनिष्ठ लिपिक के पद पर तैनात किये गये हैं।

## सोमवार को चयनित युवाओं को मिलेंगे नियुक्ति पत्र

**मुजफ्फरनगर, 04 सितम्बर (बु.)।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा विभाग में कनिष्ठ सहायकों के पद पर चयनित मुजफ्फरनगर के 15 युवाओं को इस वर्ष की आने वाली दिवाली हमेशा याद रहेगी। डीएम उमेश मिश्रा सोमवार को संपन्न होने वाले कार्यक्रम में इनको यादगार दिवाली गिफ्ट देने जा रहे हैं। सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने बताया कि जिले में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की भर्ती प्रक्रिया के बाद चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवा विभाग में कनिष्ठ सहायकों के पद पर मुजफ्फरनगर के 15 युवा चयनित हुए, इनको आयोग द्वारा जिला आवंटित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन नियुक्ति पत्र वितरण समारोह होने जा रहा है। लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका शुभारंभ करेंगे, वर्चुअली सभी जिले इससे जुड़ेंगे और सभागार में डीएम उमेश मिश्रा इन 15 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इसके बाद ये इसी नियुक्ति पत्र के आधार पर अपने आवंटित जनपद में नौकरी ज्वाइन कर पायेंगे। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में कनिष्ठ लिपिक के नौ पद जिले में रिक्त चल रहे थे, इन पदों पर भी दूसरे जिलों के नवचयनित अभ्यर्थियों को तैनाती दी गई है। अगले सप्ताह वो सभी यहां पर ज्वाइन करेंगे।

**शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ**

# अपने जज्बे, अनुशासन व जुनून के दम पर शिक्षा में किये अनोखे आयाम स्थापित



5 सितम्बर शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रत्येक शिक्षक अपने-अपने स्थान पर वंदनीय एवं पूजनीय है। इसी क्रम में नगर में कई शिक्षकों ने अपने जज्बे, अनुशासन एवं जुनून के दम पर उच्च शिक्षा तो हासिल की ही है, मगर जहां भी कार्यरत रहे उस विद्यालय की नींव को मजबूत करने का काम किया। नगर के प्रसिद्ध एसडी पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर चंचल सक्सेना किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। अपने जज्बे के दम पर एसडी पब्लिक स्कूल को आजीवन सींचने का काम श्रीमती चंचल सक्सेना द्वारा तो किया ही गया साथ ही साथ नये आयाम हासिल करते हुए वर्ष 2018 में सिक्किम के पूर्व राज्यपाल रणधीर सिंह द्वारा सम्मानित किया था। वहीं मार्च 2018 में ही श्रीमती चंचल सक्सेना को एपीजे अब्दुल कलाम सम्मान से भी सम्मानित किया गया था।

इसी क्रम में द एसडी पब्लिक की प्रधानाचार्या नीलम महाना ने भी अपने शानदार व्यक्तित्व के दम पर द एसडी पब्लिक को एक



अलग पहचान दिलाई। स्कूल में उच्च शिक्षा के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को अनुशासन से रहने व संस्कारों में चलने के गुण भी देने का काम किया। नीलम महाना ने शिक्षक दिवस के अवसर पर कहा कि मेरे लिए प्रधानाचार्य होना कोई पद नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी है बच्चों, अभिभावकों और अच्छे समाज का निर्माण करने की। उन्होंने कहा कि उनका विश्वास है कि खुश और प्रेरित शिक्षक ही आत्मविश्वासी और योग्य विद्यार्थी तैयार कर सकता है। और वे चाहती हैं कि हम किताबों तक ही सीमित न रहें बल्कि अलग-अलग गतिविधियों का प्रयोग करते हुए शिक्षा को बच्चों के लिए बोझ नहीं, बल्कि जीवन का अनुभव बनाएं।

महिला शक्ति के रूप में प्रेमपुरी स्थित गिरधारी लाल जैन स्कूल की डायरेक्टर व प्रधानाचार्या अलका जैन भी अनोखी प्रतिभा की धनी हैं। छोटे से स्थान में स्कूल चलाकर बच्चों को उच्च शिक्षा देने का काम जो अलका जैन अब तक करती आ रही हैं, वह वास्तव में नमन करने योग्य है। अपने स्कूल के छात्र-छात्राओं के होमवर्क पर तक भी निगरानी रखना वह अपना कर्तव्य बताती हैं। उनका कहना है कि प्रधानाचार्य बनने का मतलब यह है नहीं कि



आप सिर्फ शिक्षकों के कार्यों पर ही ध्यान देंगे, बल्कि आपको एक-एक बच्चे पर अपनी निगाहें रखनी होगी, तभी बच्चों का भविष्य निखरकर आ सकेगा। बिना रोक-टोक के कभी भी बच्चों की प्रतिभा निखरकर नहीं आ सकती। उनका बताना है कि 36 वर्ष पहले बोया गया एक छोटा सा बीज आज शिक्षा का विशाल वट वृक्ष बन चुका है। उनका उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं बल्कि देश के भविष्य को संस्कार और चरित्र निर्माण के साथ साधन सम्पन्न करना है।

ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य आजादवीर भी अपने



आपमें शिक्षा के प्रति समर्पण का एक शानदार और गौरवमयी उदाहरण हैं। ग्रेन चैम्बर नई मण्डी के स्कूल में वर्षों का अपना समर्पण देकर उन्होंने लगातार छात्र-छात्राओं को अनुशासित, संस्कारी करने का काम किया है। प्रधानाचार्य आजादवीर के अनुसार आज हमारे बच्चे अपनी संस्कृति से विमुख हो रहे हैं, ऐसे में हम शिक्षकों को छात्र-छात्राओं को समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करने में अपना अहम योगदान देना होगा।

शारदेन पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या शालिनी गुप्ता ने शिक्षक



दिवस पर कहा कि नई पीढ़ी को पढ़ाना हमारे लिए चुनौती और सौभाग्य दोनों हैं। आज के बच्चे वो बच्चे नहीं रहे, जिन्हें जो समझा दिया जाये, वो वही मान लें। बच्चों की जिज्ञासाएं बहुत हैं, ऐसे में वे नए-नए सवाल करने के साथ हमसे तर्क वितर्क भी करते हैं, जो हमें अच्छा लगता है। उनका कहना है कि इस पीढ़ी को सिर्फ किताबी ही नहीं बल्कि मूल्यों, तकनीकों और जीवन कौशल का संतुलन चाहिए, जिसके लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि शारदेन स्कूल की डायरेक्टर धारा रत्न का भी स्कूल को उच्च स्थान प्राप्त कराने में अहम योगदान है।



इसी क्रम में गांधी कॉलोनी क्षेत्र में प्रथम स्कूल स्थापित करने वाले रामप्रसाद शर्मा ने 1970 में सरस्वती शिक्षा केन्द्र के नाम से पहला स्कूल स्थापित किया और पंजाबी व ब्राह्मण समाज का नाम रोशन किया। ठीक 6 वर्ष बाद एसएसके जूनियर हाईस्कूल की स्थापना की और 2015 तक यह क्रम जारी रखा। 2015 में एचकेएल शर्मा मैमोरियल प्रा. आईटीआई प्रारम्भ की। उन्होंने बताया कि हमेशा से ही उनका ध्येय छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास कराना रहा है। शिक्षकों के हित में भी उन्होंने अनेकों कार्य किये और उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय महासभा के संगठन से 16 जनवरी 1998 में प्रान्तीय दायित्व हासिल किया।

वहीं पीआर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या अनघ सिंघल व



स्कूल के डायरेक्टर अशोक सिंघल ने कहा कि उन्होंने वर्षों पहले गांधी कॉलोनी में पीआर पब्लिक स्कूल के नाम से गोलोकधाम के पास एक स्कूल की स्थापना की और हमेशा यही ध्येय रखा कि किस तरह से कम से कम फीस लेकर बच्चों को उच्च शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देने का काम किया जाये। आज पीआर पब्लिक स्कूल की दो शाखाएं स्थापित हैं और दोनों शाखाओं द्वारा निरंतर एक ही प्रयास किया जा रहा है कि आज के छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दिये जाएं, जिससे आधुनिक युग में छात्र छात्राएं कुरीतियों से बच सकें।



प्रो. केजी अरोरा ने शिक्षक दिवस पर बताया कि शिक्षक वे प्रकाशपुंज हैं, जो ज्ञान के साथ चरित्र, करुणा, सृजनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा का संस्कार करते हैं। आज के परिवेश में जब सामाजिक - नैतिक मूल्यों का क्षरण महसूस होता है, तब शिक्षकों की भूमिका और भी बढ़ जाती है - वे केवल ज्ञान- संप्रेषक नहीं, बल्कि मूल्य-संरक्षक और समाज-निमार्ता के रूप में अग्रसर होते हैं। समस्त शिक्षकों को सादर सम्मान और हृदयपूर्ण कृतज्ञता ।

# 23 दिनों के बाद बड़े वाहनों के लिए खोला गया बिजनौर का गंगा बैराज पुल

**बिजनौर, 04 सितंबर (एजेंसी)।** बिजनौर बैराज पुल 23 दिन बाद शुक्रवार को चार पहिया वाहनों के लिए खोल दिया गया है। पुल के स्लैब के बेयरिंग खराब होने पर पुल से आवागमन रोक दिया गया था। पुल पर से यातायात शुरू होने से राहगीरों ने राहत की सांस ली। एनएचएआई के अफसरों की मौजूदगी में शुक्रवार सुबह 11 बजे बिजनौर बैराज पुल से बैरियर हटाए गए। इसके बाद दोपहिया वाहन, चार पहिया वाहन यानि कार सहित अन्य हल्के वाहनों को पुल से आने-जाने की अनुमति मिल गई है, जबकि बस और भारी वाहनों की पुल से आवाजाही करने की अनुमति 5 सितंबर से मिलने की संभावना है। रामधारा वाले स्लैब के चारों बेयरिंग बदले गए हैं। जबकि, गेट नंबर 28 के सामने स्लैब के



पेडस्टल की मरम्मत की गई है। पुल में सीमेंट और कंक्रीट से पेडस्टल बनाए गए हैं। उन्हें सूखने में समय लगेगा। इसलिए भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई है। मेरठ, दिल्ली, मुजफ्फरनगर से आने और जाने वाले लोगों को काफी फायदा हुआ। समय और पैसे दोनों की बचत होगी। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक किसान नेता बोल रहे हैं कि 500 रुपये लेकर पुल पर से उन्होंने बृहस्पतिवार रात गाड़ी निकाली है। पुलिस पर यह वसूली का आरोप पुल खोले जाने से 12 घंटे पहले लगा। इस मामले में एसपी ने जांच बैठा दी है। वहीं, पुलिस का दावा है कि एनएचएआई के अधिकारियों के कहने पर गाड़ी निकलवाई गई थी।

## सत्तर वर्षीय कैदी की जिला कारागार में उपचार के दौरान मौत

**मुजफ्फरनगर, 4 सितम्बर (बु.)।** गुरूवार को जिला कारागार में दहेज व दुष्कर्म के मामले में बंद 70 वर्षीय बंदी की उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गयी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। जेल अधीक्षक अभिषेक चौधरी ने बताया कि सहारनपुर जनपद के थाना गंगोह के गांव नंगला राजपुर के रहने वाले दिलशाद उर्फ लिल्ला को रतनपुरी पुलिस ने दहेज, दुष्कर्म व अन्य धाराओं में 8 अगस्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। गुरूवार को अचानक उसके सीने में दर्द उठा तो जेल प्रशासन ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल में उपचार के लिए भिजवा दिया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने बंदी के परिजनों को जानकारी देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

# मोदी बोले-कांग्रेस बच्चों की टॉफी पर भी टैक्स लेती थी, लोगों के घर का बजट बिगड़ा था

**नई दिल्ली, 04 सितंबर (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने टीचर्स डे से एक दिन पहले गुरुवार को दिल्ली में राष्ट्रीय पुरस्कार पाने वाले 45 शिक्षकों से मुलाकात की। मोदी ने करीब 35 मिनट तक संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने



जीएसटी में सुधार, ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े कानून और आत्मनिर्भर भारत पर चर्चा की। मोदी ने कहा हमने आजादी के बाद का अब तक का सबसे बड़ा फैसला लिया है। कांग्रेस बच्चों की टॉफी पर भी टैक्स लेती थी। लोगों के घर का बजट बिगड़ा हुआ था। समय पर बदलाव के बिना, हम अपने देश को आज की वैश्विक स्थिति में उसका उचित स्थान नहीं दिला सकते। मैंने इस बार 15 अगस्त को लाल किले से कहा था कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अगली पीढ़ी के सुधार करना बेहद जरूरी है। मैंने देशवासियों से यह वादा भी किया था कि इस दिवाली और छठ पूजा से पहले खुशियों का डबल धमाका होगा। जहां तक सरकार का कमिटमेंट है हम पूरी तरह कमिटेड है। हमारा मानना है कि समय के हिसाब से आगे नहीं चले तो देश को उसका हक नहीं दिला सकते। मैंने लाल किले से कहा था भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नेक्स्ट जनरेशन रिफॉर्म करना बहुत जरूरी है। मैंने देशवासियों से वादा किया था कि इस दिवाली और छठ पूजा से पहले खुशियों का डबल धमाका होगा। कल भारत सरकार ने राज्यों के साथ मिलकर निर्णय लिया। जीएसटी पहले से ज्यादा सरल हो गया है। अब दो ही रेट बचे हैं। यह नवरात्र के पहले दिन से 22 सितंबर से लागू होगा। नवरात्रि से ही देश के करोड़ों परिवारों की जरूरतें और सस्ती हो जाएंगी। धनतेरस की रौनक बढ़ जाएगी। भारत के लिए आत्मनिर्भरता कोई नारा नहीं है। इसके लिए ठोस प्रयास हो रहे हैं। आप इस विचार का बीजारोपण स्टूडेंट के दिमाग में करते रहे। बच्चा आपकी बात मानता है, उन्हें बता सकते हैं कि दूसरे के निर्भर रहने से देश आगे नहीं बढ़ सकता। मैं चाहता हूं कि असेंबली में भी इसका जिक्र करें। हमें कभी नहीं पता चलता कि हमारे घर में विदेशी चीजें कैसे घुस गई। बच्चे परिवार में बैठकर एक लिस्ट बनाएं कि दिनभर में कितनी विदेशी चीजें इस्तेमाल कर रहे हैं। जब उन्हें पता चलेगा तो वे इस पर सोचेंगे। उन्हें इसके लिए जागरूक करने का काम शिक्षक ही कर सकते हैं। देश की आवश्यकता के साथ खुद को जोड़ना चाहिए।

## सट्टेबाजी एप प्रमोशन के मामले में शिखर धवन से ईडी ने की पूछताछ

**नई दिल्ली, 04 सितंबर (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी शिखर धवन आज ऑनलाइन बेटिंग एप के प्रमोशन मामले में ईडी के सामने पूछताछ के लिए पेश हुए। धवन दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में




पूछताछ के लिए पहुंचे। उन्हें ईडी ने नोटिस भेजा था और अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा था। इस केस में सुरेश रैना, हरभजन सिंह और युवराज सिंह से ईडी पहले ही पूछताछ कर चुकी है। टीम इंडिया के ओपनर रहे शिखर ने पिछले साल इंटरनेशनल क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान किया था। शिखर पहली बार 2010 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे टीम में शामिल हुए थे। 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने आखिरी वनडे खेला था। उसके बाद से उन्हें भारतीय टीम में जगह नहीं मिली थी। शिखर ने 2011 में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 में डेब्यू किया था। टेस्ट टीम में उन्हें 2013 में जगह मिली। 34 टेस्ट में 40.61 के औसत से धवन ने 2315 रन बनाए। 167 वनडे मैचों में 44.11 के औसत से 7436 रन बनाए। वहीं, 68 टी-20 मैचों में उन्होंने 27.92 के औसत से 1759 रन बनाए हैं। शिखर आईपीएल में पहले सीजन से जुड़े हैं। संन्यास की घोषणा करते वक्त उन्होंने आईपीएल खेलने या ना खेलने पर कुछ नहीं कहा, जिससे लगता है कि वे आईपीएल खेलना जारी रख सकते हैं। पहले सीजन 2008 में वे दिल्ली के लिए राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहला मैच खेलने उतरे थे। आखिरी मैच 2024 में पंजाब किंग्स की ओर से सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेला था। इस सीजन में वे इंजरी के कारण कई मैच नहीं खेल पाए।

# बाढ़ में फंसी बच्चियां नाव बनाकर निकलीं, पीलीभीत में एक मंजिल डूबी, तैरकर निकले लोग, 23 जिलों में अलर्ट

**पीलीभीत, 04 सितंबर (एजेंसी)।** मथुरा-पीलीभीत में बारिश से हालत बिगड़ने लगे हैं। पीलीभीत में शारदा-देवहा नदी की बाढ़ से टनकपुर और बीसलपुर हाईवे डूब गए हैं। 25 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। सड़कों पर नाव चल रही हैं। घर एक मंजिल तक डूब गए हैं। लोग छतों पर गुजारा करने को मजबूर हैं। श्मशान घाट भी डूबा हुआ है। एक वीडियो सामने आया है, जिसमें लोग तैरते हुए बाढ़ से निकलते दिख रहे हैं। मथुरा में यमुना की बाढ़ में 6 गांव डूब गए हैं। अब तक 2000 लोगों ने घर छोड़ दिया है। वृंदावन में परिक्रमा मार्ग तक पानी पहुंच गया। इसके चलते परिक्रमा पर रोक लगा दी गई। वृंदावन के मेला क्षेत्र में बने अस्थाई घरों में बाढ़ का पानी भर गया। इसमें दो बच्चियां फंस गईं। उन्होंने घर में पड़े कबाड़ से नाव बनाई और सुरक्षित स्थान पर पहुंचीं। ग्रामीण क्षेत्र के रिहायशी इलाकों में भी पानी घुस गया है। यहां से एक वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा कि बाढ़ आने के बाद एक पिता अपने बच्चों को गोद में उठाकर सुरक्षित स्थान पर ले गया। बागपत में 250 घरों में 3 से 4 फीट तक जलभराव है। स्थिति इतनी विकट है कि लोग छतों पर रह रहे हैं। यहां से एक वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि एक पिता बच्ची को कंधे पर लादकर उसे स्कूल छोड़ने जा रहा है।

हथिनी कुंड बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने से गाजियाबाद में यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। 7 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। एक मंजिल तक घर डूब गए हैं। आज 23 जिलों में बारिश का अलर्ट है। यहां 30 से 40 Km की रफ्तार से हवा चल सकती है। बुधवार को 60 जिलों में औसतन 8.4 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य 6.5 मिमी से 29% ज्यादा है। प्रदेश में अब तक 629.5 मिमी बारिश हो चुकी है, ये सामान्य 614 मिमी से 3% ज्यादा है। लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश के मुताबिक, अगस्त में सामान्य बारिश हुई थी। अब मानसून अपने आखिरी चरण में है। अगले 3 दिनों तक प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में तेज बारिश की संभावना है। फतेहपुर में गंगा नदी उफान पर है। बिंदकी तहसील के 12 गांवों में पानी घुस गया है। सड़कों पर पानी भर गया है। इससे ग्रामीणों को पलायन की चिंता सताने लगी है। गंगा का जलस्तर अभी 100.82 मीटर है, जबकि खतरे का निशान 100.86 मीटर है।

## कानपुर में मिस यू पापा...लिखकर युवक ने किया सुसाइड, पिता की फोटो सामने रखकर फंदे पर लटका

**कानपुर, 04 सितंबर (एजेंसी)।** कानपुर में मिस यू पापा..लिखकर एक युवक ने सुसाइड कर लिया। युवक के पिता की डेढ़ महीने पहले मुंह के कैंसर से मौत हो गई थी, तभी से युवक परेशान रहता था। युवक ने बुधवार रात पिता की फोटो सामने रखकर फंदा लगाकर जान दे दी। पिता की मौत के बाद बेटा लगातार अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर मिस यू पापा लिखकर पोस्ट कर रहा था। बड़ा भाई सौरभ पहली मंजिल से उतर कर आया, जिसके बाद उसे घटना की जानकारी हुई। घटना रायपुरवा थाना क्षेत्र के भन्नानापुरवा की है। भन्नानापुरवा निवासी राजकुमार की मुंह के कैंसर की बीमारी से 20 जुलाई को मौत हो गई थी। इसके बाद से उनका बेटा सचिन (23) अवसाद में चल रहा था। वह राजमिस्त्री का काम करता था। परिवार में बड़ा भाई सौरभ और छोटा सुजल तथा मां रीता हैं। बुधवार देर रात खाना खाने के बाद पूरा परिवार पहली मंजिल स्थित कमरे में सोने चला गया, जबकि सचिन ग्राउंड फ्लोर में बने कमरे में सोने की बात कहकर चला गया था। इसके बाद सचिन ने पिता की फोटो के सामने रख दुपट्टे से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सुबह पहली मंजिल से उठकर नीचे आए भाई सुजल ने शव लटकता देख परिजनों को जानकारी दी। शव जहां पर लटका था। वहीं पर सामने पिता की फोटो रखी थी। जिसके बाद परिजन उसे निजी अस्पताल में ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## ओम प्रकाश राजभर से एबीवीपी खफा, केशव प्रसाद मौर्य से की मुलाकात

**देर रात उनके आवास पर हुई थी तोड़फोड़**

**लखनऊ, 04 सितंबर (एजेंसी)।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुखिया एवं कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर अक्सर अपने विवादित बयानों के चलते विवादों में आ जाते हैं। इस बार उनकी मुश्किलें ज्यादा बढ़ गई है। दरअसल, ओपी राजभर ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं को लेकर एक बड़ा बयान दे दिया है। एबीवीपी के कार्यकताओं का कहना है कि ओपी राजभर ने उन्हें 'गुंडा' कहा है। उनके इस बयान के बाद राजनीति गरमा गई है। एबीवीपी के कार्यकर्ता लगातार उनके इस्तीफे की मांग कर रहे है। इसी बीच कैबिनेट मंत्री ओपी राजभर ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात की है। वहीं, बृजभूषण शरण सिंह ने ओपी राजभर को हल्का बयान देने वाला बताते हुए उनके बयान पर जवाब देने से साफ मना कर दिया है। मामला तूल पकड़ते ही ओपी राजभर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मिलने के लिए पहुंच गए हैं। दोनों नेताओं ने इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया है। इस मुलाकात को कई मायनों में अहम माना जा रहा है, क्योंकि ये लड़ाई बीजेपी की



अपनों से ही फंस गई है। केशव प्रसाद मौर्य के साथ ओम प्रकाश राजभर की मुलाकात की तस्वीरें सामने आई हैं। इसमें केशव प्रसाद मौर्य मुस्कुराते दिख रहे हैं। वहीं, ओम प्रकाश राजभर के चेहरा गंभीर दिख रहा है। इसको लेकर कयास लगाए जा रहे हैं कि अभी उनके खिलाफ जिस प्रकार का माहौल बना है, उससे वे तनाव में हैं।

## सड़क दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल

**मुजफ्फरनगर, 04 सितंबर (बु)।** मामला बुढ़ाना से सामने आया है, यहां एक बाइक सवार के आगे अचानक पशु आने से बाइकें दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इससे बाइक के पीछे बैठी महिला गिर गई जिससे उसके चेहरे पर गहरा घाव हो गया। महिला को परिवार के लोग आनन-फानन में जिला अस्पताल लाये, जहां उसका इलाज चल रहा था। महिला की पहचान घरभरी, निवासी भूपखेड़ी, थाना क्षेत्र खतौली के रूप में हुई है।

## सडक हादसे में युवक की मौत

**मुजफ्फरनगर, 4 सितम्बर (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के पचैंडा गांव के समीप बाइक की टक्कर भैंसा बुग्गी में हो गयी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। देर रात पचैंडा गांव अरविंद अपनी बाइक से गांव वापस लौट रहा था। अचानक सामने से आयी भैसा बुग्गी से उसकी बाइक टकरा गयी। हादसे में वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# भारी बारिश ने मचाई तबाही, कुल्लू में फिर हुआ लैंडस्लाइड, मलबे में दबे 7 लोग

**कुल्लू, 04 सितंबर (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश की शांत और सुरम्य घाटियों में बसी कुल्लू की फिजा गुरूवार की रात अचानक मातम में बदल गई। अखाड़ा बाजार की संकरी गलियों में जब लोग नमाज के बाद चैन की नींद सो रहे थे, तभी कुदरत ने ऐसा कहर बरपाया कि हर कोई सन्न रह गया। बता दें कि पहाड़ी से आए भारी मलबे ने दो मकानों को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें सात लोग सोते वक्त दब गए। हादसे की गूंज और लोगों की चीख-पुकार से पूरी घाटी कांप उठी। जैसे ही घटना की सूचना प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीम को मिली, स्थानीय पुलिस के साथ एनडीआरएफ की टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं। रातभर राहत और बचाव का कार्य चलता रहा, लेकिन लगातार हो रही बारिश और अंधेरे ने मुश्किलें और बढ़ा दीं। पहली सुबह की किरण के साथ मलबे से एक



व्यक्ति का शव बरामद किया गया, जिनकी पहचान श्रीनगर निवासी महाराज के रूप में हुई। इस दुखद खबर ने पूरे इलाके को शोक और खौफ में डुबो दिया। तीन घायलों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि घायलों की हालत चिंताजनक बनी हुई है और उन्हें आईसीयू में निगरानी में रखा गया है। प्रशासन का अनुमान है कि अभी मलबे के नीचे छह और लोग फंसे हो सकते हैं। भारी मलबे के चलते बचाव कार्य धीमा और बेहद जोखिम भरा है। घटनास्थल पर परिजनों की भीड़ लगातार दुआओं में मशगूल है किसी की मां, किसी का बेटा, किसी की बहन अब भी मलबे में दबी हो सकती है। राज्य के मुख्यमंत्री ने हादसे पर गहरा दुःख व्यक्त किया है और जिला प्रशासन को तत्काल राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा, सरकार प्रभावित परिवारों के साथ है और हर संभव मदद सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही प्रशासन ने स्थानीय लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

## शामली में बाढ़ का कहर, 8000 बीघा से ज्यादा फसलें बर्बाद, डीएम और एसपी ने किया निरीक्षण

**शामली, 04 सितंबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के शामली जिले में बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। यमुना नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि के कारण करीब 8000 बीघा से ज्यादा कृषि भूमि पर खड़ी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। इस आपदा से सबसे ज्यादा नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है, जो अब सरकार से मुआवजे की गुहार लगा रहे हैं। दरअसल आपको बता दें मामला जनपद शामली के कैराना थाना क्षेत्र के यमुना हरियाणा बॉर्डर का है जहां पर यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। हथिनी कुंड बैराज से छोड़े गए 3 लाख क्यूसेक से अधिक पानी के कारण



यमुना का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। पिछले तीन दिनों से शामली में हो रही लगातार बारिश ने हालात को और भी बिगाड़ दिया है, जिससे कई गांवों में जलभराव हो गया है और खेतों में खड़ी धान, मक्का, गन्ना, बाजरा, उड़द और सब्जियों की फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए शामली के जिलाधिकारी अरविंद कुमार और पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी जगह-जगह तैनात हैं और ग्रामीणों को यमुना नदी के नजदीक जाने से मना किया जा रहा है।

## गोरखपुर में तलाक न देने पर पत्नी की हत्या, पति बोला- कोई गम नहीं, मेरे पैसे खा जाती

**गोरखपुर, 04 सितंबर (एजेंसी)।** गोरखपुर में सरे बाजार पति ने अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। पति-पत्नी के बीच तलाक होने वाला था। दोनों शहर में अलग-अलग जगह किराए पर रहते थे। पत्नी शहर में ही प्राइवेट जॉब करती थी। बुधवार शाम को ऑफिस से घर लौटते समय वह एक दुकान पर फोटो खिंचवाने के लिए रुकी। पीछा करता हुआ उसका पति भी पहुंच गया। स्टूडियो से बाहर निकलते ही दोनों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। आसपास काफी लोग इकट्ठा हो गए। आरोप-प्रत्यारोप के बीच दोनों धक्का-मुक्की करने लगे। अचानक से पति ने पिस्टल निकाली और पत्नी को गोली मार दी। उसने दो गोली चलाई। एक गोली सीने में लगी तो दूसरी गोली हाथ में लगी। पत्नी को गोली मारने के बाद पति भागा नहीं, वहीं पर खड़ा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। आरोपी की 13 साल की बेटी की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया है। घटना के बाद एक सीसीटीवी भी सामने आया है, जिसमें महिला जमीन पर पड़ी दिख रही है। तभी एक व्यक्ति आता है।

## मथुरा के 6 गांव डूबे, 2000 लोगों ने घर छोड़ा, पंचकोसी परिक्रमा रोकनी पड़ी, स्कूल बंद

**मथुरा, 04 सितंबर (एजेंसी)।** यमुना नदी में उफान से मथुरा में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। नदी की धारा डेंजर पॉइंट से 40 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। 6 गांव की फसलें डूब गई हैं। गुरुवार को यहां 3.26 लाख क्यूसिक पानी और पहुंचने वाला है। मथुरा-वृंदावन में नदी के आसपास के इलाकों में हाई अलर्ट रखा गया है। पानी और बढ़ा तो राधा वल्लभ, कात्यायनी मंदिर और राधा रमण की गलियों तक पानी पहुंच सकता है। 24 घंटे में वृंदावन की 12 कॉलोनियों के 2 हजार से ज्यादा लोग अपने रिश्तेदारों के घर शिफ्ट हो गए हैं। जिन्होंने घर में रहने का फैसला किया, वो दूसरी मंजिलों पर सामान पहुंचा रहे। 935 लोगों को नाव से सुरक्षित जगह पर शिफ्ट किया गया है। कॉलोनियों की गलियों में यमुना का पानी भरा हुआ है। वृंदावन की पंचकोसी परिक्रमा रूट पर 2.5 फीट तक पानी भर चुका है। एकादशी की परिक्रमा को भी रद्द किया गया है। गुरूवार को 12वीं तक के स्कूल भी बंद कर दिए गए हैं। कालीदह से बिहारीजी की तरफ जाने वाला रूट डूब गया है। वृंदावन में कालीदह, श्यामनगर, मोहिनीनगर, चीरघाट, केशवनगर, ब्रह्मऋषि वाटिका, गणेश टीले की पीछे की कॉलोनियों की बिजली सप्लाई रोक दी गई है। मथुरा में यमुना नदी का डेंजर लेवल 166 मीटर का है। मथुरा-वृंदावन की गलियों में बाढ़ को लेकर अनाउंसमेंट कराया जा रहा है। जो टूरिस्ट यहां आ रहे हैं, उन्हें सुरक्षित रहने की सलाह दी जा रही है।

# कड़वा-कड़वा थू...मीठा-मीठा गप्प, सीएम योगी का विपक्ष पर निशाना

**गोरखपुर, 04 सितंबर (एजेंसी)।** सीएम योगी ने गोरखपुर में कहा- प्रदेश में नई भर्ती आने वाली हैं। नौकरी ही नौकरी होगी। क्योंकि, सरकार चाहती है कि यूपी के नौजवान को कहीं दूसरी जगह हाथ फैलाने की नौबत न आए। हम लोग इम्प्लॉयमेंट जोन बनाएंगे। जहां लोगों को रोजगार और नौकरी दी जाएगी। सीएम ने एक बार फिर अपराधियों को चेतावनी दी। कहा-आज कोई व्यापारी से गुंडा टैक्स नहीं ले सकता, क्योंकि उसको पता है कि गुंडा टैक्स लिया तो अगले चौराहे पर यमराज उसका इंतजार करते मिलेंगे। सीएम ने मंच पर मौजूद सांसद रवि किशन की चुटकी ली। पूछा- रवि किशन की फिल्म फ्री में किसी ने देखी है। जवाब

**गुंडों को अगले चौराहे पर यमराज मिलेंगे, रविकिशन ने कहा-विरोधी जानवर बनते जा रहे**

आया- नहीं। यह सुनकर सीएम मुस्कुराने लगे। सीएम ने गुरूवार को गोरखपुर में 2251 करोड़ के प्रोजेक्ट का लोकार्पण और शिलान्यास किया। पेप्सिको के बॉटलिंग प्लांट का भी इनॉगरेशन किया। इसमें 1200 लोगों को रोजगार मिलेगा। सीएम से पहले सांसद रविकिशन ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कहा- पीएम की मां को गाली दी जा रही है। विरोधी जानवर बनते जा रहे हैं। यह राजनीति का सबसे घिनौना वक्त है, इनसे सचेत रहिए। योगी ने कहा- उसी ईवीएम से विपक्षी जब चुनाव जीतते थे तो हम हार स्वीकार करते थे, लेकिन अगर बीजेपी जीतती है, तो ईवीएम दोषी, वोटर सूची दोषी हो जाती है। ये कड़वा-कड़वा थू... मीठा-मीठा गप्प नहीं चलेगा। ये विपक्ष और इंडी गठबंधन की राजनीति देश को गर्त में धकेलने की है।

योगी ने कहा- जो लोग जाति, क्षेत्र और



भाषा के नाम पर बांट रहे हैं, ये लोग देश के विकास के बैरियर हैं। नौजवान, किसान, मातृभक्ति इस बैरियर को उखाड़ फेंके। विकास नकारात्मक सोच और गाली-गलौज से नहीं होता। ये जातीय विभाजन करके आपको गुलामी की तरफ धकेलने का काम कर रहे हैं। योगी ने कहा- विकास नकारात्मक सोच और गाली-गलौच से नहीं होता। ये कांग्रेस और आरजेडी के लोग बिहार में जिस तरह अवांछनीय शब्दों का प्रयोग कर रहे, ये राजनीति की मर्यादा को पतन पर ले जाने का कृत्य है। इसे कतई स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। अभी हम लोग शारदीय नवरात्रि में पूजा-अनुष्ठान से जुड़ेंगे। हम दुर्गा सप्तशती का पाठ करेंगे। दुर्गा सप्तशती में एक बात का उल्लेख बार-बार होता है। वो है- कुपुत्रो जायेत क्वचिदपि कुमाता न भवति यानी एक कुपुत्र पैदा हो सकता है, लेकिन माता कभी कुमाता नहीं होती है। योगी ने कहा- हर जिले में 100 एकड़ में एक-एक इम्प्लॉयमेंट जोन बनाएंगे। जहां लोगों को रोजगार और नौकरी दी जाएगी। आपने यूपी विधानसभा में 13 और 14 अगस्त को देखा होगा। लगातार 24-25 घंटे विकास पर चर्चा हुई। हमें याद रखना, विभाजन गुलामी का कारण बना था। ये जातीय विभाजन करके तुष्टीकरण की नीति पर पोषक तत्व फिर से आपको गुलामी की तरफ धकेलने का काम कर रहे हैं।